* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 287

बिहार की चर्चित आइपीएस काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दिया



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## बवाल : आरक्षण आंदोलन की आग में जला पड़ोसी

# बांग्लादेश में तख्ता पलट भाग कर दिल्ली पहुंचीं हसीना

- सेना अंतरिम सरकार बनायेगी, पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी

एजेंसी

**ढाका/नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बाद सोमवार को हालात बेकाबू हो गये। हिंसा इतनी ज्यादा भड़क गयी कि उपद्रवियों की भीड़ ने पीएम आवास पर ही हमला बोल दिया। दो महीने से चल रहे आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के बाद वहां सेना ने सत्ता संभाल ली है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हिंसक माहौल के चलते शेख हसीना को देश छोड़ कर भागना पड़ा। वह सेना के विमान से भारत के रास्ते लंदन रवाना हुईं। खबरों के मुताबिक उनकी बहन रेहाना भी साथ हैं। जानकारी के मुताबिक, उनका विमान गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरा। देर शाम तक वह हिंडन एयरबेस पर ही थीं। यहां से वह लंदन, फिनलैंड या दूसरे देश जा सकती हैं। उधर, बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा कि हम अंतरिम सरकार बनायेंगे। देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गयी है, उन्हें इंसाफ दिलाया जायेगा।





### बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन एक नजर में

- प्रदशनकारा प्रधानमत्रा आवास म दाखल हुए। ताड़फाड़ और आगजनी की घटना।
- राजधानी ढाका में चार लाख लोग सड़कों पर थे।
- प्रदर्शनकारियों ने दो हाइवे पर कब्जा किया। अब तक 300 लोगों की जान गयी है। इनमें ज्यादातर छात्र हैं।
- बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश पर अलर्ट बढ़ा दिया है।
- सेना ने देश की प्रमुख पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की है।
- 18 सदस्यीय अंतरिम सरकार प्रस्तावित की गयी है। सेना इस सरकार को बनायेगी।
- भारत ने बांग्लादेश जानेवाली सभी ट्रेनें रद्द कर दी हैं।

गौरतलब है कि इससे पहले पड़ोसी देश श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन हुआ था। जुलाई 2022 में ऐसी स्थिति बनी थी। लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर थे और राष्ट्रपति भवन में घुस

### पीएम मोदी से मिले विदेश मंत्री एस जयंशकर





**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे। विदेश मंत्री ने पीएम मोदी को बांग्लादेश की घटनाओं से अवगत कराया।

## न्यूज रील्स

### सीबीआइ की गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका खारिज



**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल की सीबीआइ की गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली याचिका खारिज कर दी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीबीआइ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना किसी ठोस कारण के की। कोर्ट ने 29 जुलाई को इसी मामले में हुई सुनवाई में फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई में सीबीआइ ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोर्ट के फैसले पर आप ने कहा कि सीएम केजरीवाल की सीबीआइ की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। साथ ही जमानत के लिए अपील भी करेंगे।

### चलती बस में लगी आग, खिड़कियों से कूदे यात्री

**किशनगंज (बिहार)।** किशनगंज में सोमवार दोपहर सिलीगुड़ी से पूर्णिया जा रही बस में अचानक आग लग गयी। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। बस जैसे ही खगड़ा ओवरब्रिज पर पहुंची, गियर बॉक्स से अचानक धुआं निकलने लगा। धीरे-धीरे बस में आग लगने लगी। यात्रियों ने बताया कि खिड़कियों के कूद कर लोगों ने अपनी जान बचायी। बच्चों को भी खिड़कियों से बाहर निकाला गया। मामला खगड़ा ओवरब्रिज एनएच-27 का है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की तिथि बढ़ी

# अनवरत चलती रहेगी मंइयां सम्मान योजना: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना अनवरत चलती रहेगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि योजना का लाभ लेने में बहनों को आ रही शुरुआती परेशानी के बारे में जानकारी मिली है। योजना को लेकर आ रही तकनीकी समस्याओं का त्वरित निवारण किया जाये। योजना के प्रति उत्साह को लेकर उन्होंने पूरे राज्य में प्रज्ञा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। इसको लेकर वरीय पदाधिकारियों की भी बैठक हुई है।

### योजना हमेशा चलती रहेगी

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी बहनों को यह बताना चाहता हूं कि यह हमेशा चलने वाली योजना है। योजना का लाभ लेने के लिए कोई समय सीमा नहीं है। विशेष कैंप के आयोजन के बाद भी जरूरतमंद बहनें कभी भी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर इस योजना का लाभ ले सकेंगी। योजना से लोगों को आसानी से लाभ मिले, इसलिए 10 अगस्त तक विशेष कैंप का आयोजन किया गया था, जिसे और पांच दिन बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अब कैंप 15 अगस्त तक चलेगा। विशेष कैंप



के आयोजन के बाद भी आप जब चाहें, अपनी सुविधानुसार योजना का लाभ ले सकती हैं।

### बिचौलिये से बचें, प्रक्रिया मुफ्त है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहनों की योजना है। राज्य की लाखों बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। यही झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लक्ष्य है। यही उनका भी लक्ष्य है। इस योजना का लाभ 21 से 50 साल की महिलाएं ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह भी जानकारी मिली है कि योजना में बहनों को मिल रहे लाभ को देखते हुए कहीं-कहीं कुछ बिचौलिये भी सक्रिय हो गये हैं। इस योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। इसलिए बिचौलियों से सावधान रहें। जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि कहीं भी बिचौलियों की सूचना मिले, तो उन पर कड़ी कार्रवाई करें।

### स्व-घोषणा से लें योजना का लाभ

समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए केवल स्व-घोषणा को स्कैन करके अपलोड किया जायेगा। अन्य पांच दस्तावेजों को अब अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। आधार कार्ड और बैंक पास बुक की फोटोकॉपी अनिवार्य रहेगी, जो आवेदन के साथ ऑफलाइन जमा की जायेगी। आधार, राशन कार्ड, फोटोयुक्त वोटर आइडी कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक से संबंधित अन्य विवरण पोर्टल में दर्ज किये जायेंगे। आवेदक की लाइव फोटो की आवश्यकता भी अब समाप्त कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन से काम करने वाले वीएलइ काम करते रहेंगे। अन्य सीएससी भी अपने सामान्य कार्यस्थल से आवेदनों को डिजिटल बनाने में सक्षम होंगे। हालांकि, डीसी को कहा गया है कि वे प्रत्येक सीएससी पर कुछ कर्मियों को नियुक्त करें, जो निष्पक्ष और सुचारू कामकाज देखेंगे। उसी समय सीएससी द्वारा प्राप्त दस्तावेज दिन के अंत तक बीडीओ/सीओ को जमा कर दिये जायेंगे।

### डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदला जायेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू जिला के अंतर्गत डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर मेदिनीनगर किये जाने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है, ताकि इसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रेषित किया जा सके।

# पाकुड़ में अवैध पत्थर लोड मामले की सीआइडी जांच

## 2300 रुपये प्रति ट्रक वसूली का है मामला



- सीआइडी मुख्यालय ने पाकुड़ के सीआइडी प्रभारी को दिये आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संताल परगना के पाकुड़ में अवैध पत्थर लोड प्रति ट्रक से 2300 रुपये की वसूली मामले में सीआइडी ने जांच का आदेश दिया है। सीआइडी मुख्यालय ने पाकुड़ के सीआइडी प्रभारी को दिये आदेश में कहा है कि पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र स्थित श्यामनगर चेक पोस्ट से अवैध खनन, अवैध परिवहन और 2300 रुपये प्रति ट्रक की अवैध वसूली से संबंधित सूचना मिली है। आदेश दिया जाता है कि इस मामले की सुस्पष्ट जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करें।

श्यामनगर चेकपोस्ट से रोजाना लाखों रुपये के सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है। रोजाना रात में बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे 200 से 300 ट्रकों का परिचालन होता है। तहसीलदार प्रत्येक ट्रक से 2300 रुपये की अवैध वसूली करते हैं।

## जम्मू कश्मीर से 370 हटाने की पांचवीं वर्षगांठ


# जमीनी स्तर पर मजबूत हुआ है लोकतंत्र : शाह

- केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से वंचित वर्गों के लिए सशक्तीकरण के एक नये युग की शुरुआत हुई है। इस क्षेत्र में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के पांच साल पूरे होने पर, शाह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयास एक शानदार प्रयास बन गये हैं।

शाह ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज पीएम नरेंद्र



मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35ए को ऐतिहासिक रूप से हटाये जाने के पांच साल पूरे हो गये हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिये पर मौजूद वर्गों के सशक्तीकरण के एक नये युग की शुरुआत की है और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने आगे लिखा कि क्षेत्र के युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे शांति और व्यापक विकास को बढ़ावा देने के मोदी सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है।

## सीएम की अध्यक्षता में सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक

# 39 कैदियों को रिहा किये जाने की दी गयी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 31वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 74 कैदियों की रिहाई से संबंधित समीक्षा की गयी। अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श एवं समीक्षा के बाद 39 कैदियों को रिहा किये जाने का निर्णय किया गया। समीक्षा के क्रम में न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर बिंदुवार विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट कर रिहा हुए कैदियों का फैमिली बैकग्राउंड, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वेरीफिकेशन



अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों के जीवन यापन हेतु आय सृजन के लिए विशेष कार्य योजना बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जोड़ें। उन्हें डेयरी फार्म, मुर्गी फार्म, पशुपालन आदि योजनाओं का लाभ दिलायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागार से रिहा होने के बाद इन कैदियों को जीवनयापन में सामाजिक रूप से कोई समस्या उत्पन्न न हो तथा आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इस निमित्त एक बेहतर प्लान तैयार कर इन्हें स्वरोजगार से जोड़ें। उन्होंने कहा कि रिहा होनेवाले वैसे कैदी, जिनकी उम्र अधिक हो चुकी है, की पारिवारिक स्थिति की जानकारी भी लें। रिहा हुए कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, न्यायायिक आयुक्त दिवाकर पांडेय, महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अमेरिका में मंदी की आशंका से सेंसेक्स 2,222 अंक गिरा

## 78,759 के स्तर पर बंद : मार्केट कैप 16 लाख करोड़ रुपये घटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** अमेरिका में मंदी की आशंका के चलते सोमवार को सेंसेक्स 2,222 अंकों (2.74%) की गिरावट के साथ 78,759 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 662 अंक (2.68%) की गिरावट रही। यह 24,055 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार के कारोबार में निफ्टी रियल्टी, मेटल, सरकारी बैंक और मीडिया इंडेक्स में 4% से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं ऑटो, आइटी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स 3% से ज्यादा गिरे। सेंसेक्स के टॉप लूजर्स में टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट, टाटा स्टील, एसबीआइ और पावर ग्रिड रहे।



### मिडकैप-स्मॉलकैप इंडेक्स भी 4% टूटा

बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स 1,718 अंक (3.60%) की गिरावट के साथ 45,956 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 2,297 अंक टूटा है। ये 4.21% गिरकर 52,331 के स्तर पर आ गया। बीएसइ लार्जकैप इंडेक्स 2.77% गिरकर बंद हुआ।

### 16 लाख करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

शेयर बाजार में तेज बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 16 लाख करोड़ रुपये घट गयी। सोमवार को बीएसइ पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 441 लाख करोड़ रुपये हो गया। शुक्रवार को यह लगभग 457 लाख करोड़ रुपये था। ये इस साल यानी, 2024 की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन यानी, 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74%) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ था।

# बंगाल के मंत्री अखिल गिरि का इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जेल मंत्री अखिल गिरि ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उनका 3 अगस्त को पूर्व मेदिनीपुर की महिला जिला वन अधिकारी को धमकाने का वीडियो सामने आया था। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उनसे इस्तीफा मांगा था। गिरि ने कहा कि मैंने जो किया वो अपने लोगों के लिए किया। मैं किसी अधिकारी से माफी नहीं मांगूंगा। मैं सिर्फ मुख्यमंत्री से माफी मांग सकता हूं।

उन्होंने कहा कि लोगों का दुख और वन विभाग का अत्याचार देख कर मुझे गुस्सा आ गया था। मैं एक शब्द विशेष का प्रयोग करने के लिए माफी चाहता हूं, इसके अलावा जो कुछ भी मैंने कहा, उसके लिए नहीं। जो कुछ भी मैंने किया, वो लोगों के लिए किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,400 रु./10 ग्राम
चांदी 83,000 रु./प्रति किलो



# सियासत में कई गुना बढ़ गया सरयू राय का कद

## ■ झारखंड के इस महारथी ने एक तीर से साध लिये दो निशाने

## ■ भाजपा को हो गयी टेंशन, तो नीतीश की पार्टी को मिली धार

**झारखंड के चर्चित निर्दलीय विधायक सरयू राय जदयू में शामिल हो गये हैं। इसके साथ ही राज्य में आसन्न विधानसभा चुनाव का माहौल अचानक से बदल गया है। यह कहा जा सकता है कि सरयू राय ने अपने एक फैसले से एक तीर से दो निशाने साध लिये हैं। उनके जदयू में शामिल होने से एक तरफ जहां भाजपा में टेंशन बढ़ गयी है, वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को झारखंड में नयी ताकत मिली है। इसके साथ ही सरयू राय ने जदयू में शामिल होकर अपना सियासी कद कई गुना बढ़ा लिया है। जदयू अब झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ सौदेबाजी के लिए तैयार हो गयी है। केंद्र की एनडीए सरकार में जदयू के कद को देखते हुए सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड में भाजपा उसके साथ कैसा रिश्ता रखना चाहेगी। सरयू राय ने 2019 के चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद जितना नुकसान रघुवर दास को कराया था, उससे कम नुकसान भाजपा को नहीं हुआ था। उसका असर जमशेदपुर पश्चिमी के साथ-साथ झारखंड की कुल चार सीटों पर पड़ा था। इतना ही नहीं, सरयू राय की मदद से जदयू को झारखंड में अपना खोया हुआ गौरव वापस पाने और यहां अपना आधार बढ़ाने में मदद भी मिलेगी। अब जदयू भाजपा पर जमशेदपुर पूर्वी के अलावा अपने जनाधार वाली कुछ और सीट छोड़ने के लिए दबाव बनायेगी, जिसका सामना भाजपा कैसे करती है, यह देखनेवाली बात होगी। इससे साफ है कि सरयू राय के जदयू में शामिल होने से झारखंड का सियासी परिदृश्य अचानक से बदल सा गया है। क्या है सरयू राय के इस कदम के मायने और क्या हो सकता है इसका परिणाम, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बहुत पुरानी कहावत है कि सौ सुनार की, एक लोहार की। झारखंड के चर्चित निर्दलीय विधायक सरयू राय जब अपने पुराने मित्र बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का दामन थाम रहे थे, तो बहुत से लोगों को बरबस ही यह कहावत याद आ गयी। सरयू राय जदयू में शामिल हो गये, हालांकि उनकी पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा का उसमें अभी विलय नहीं हुआ है। एक-दो दिन में इसका निर्णय भी हो जायेगा।

सरयू राय ना तो किसी परिचय के मोहताज हैं और ना ही किसी दल विशेष के मोहताज। लेकिन क्या ये बातें आज के समय में बदल गयी हैं। यह सच है कि झारखंड की राजनीति में सरयू राय अपनी अलग पहचान रखते हैं। चारा घोटाला में लालू यादव से लेकर, मधु कोड़ा और भाजपा की सरकार में रघुवर दास तक के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सरयू राय हमेशा बड़ा खुलासा करनेवाले नेता के तौर पर जाने पहचाने जाते हैं। अभी कुछ दिन पहले की ही बात है, जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनकी मुलाकात का खुलासा करते हुए उन्होंने जदयू के साथ मिल कर चुनाव लड़ने का एलान किया था। अब अचानक से सरयू राय के जदयू में शामिल होने की तस्वीर सामने आ गयी है। मतलब सरयू राय अब जदयू नेता के तौर पर पहचाने जायेंगे।

निर्दलीय रहते हुए भाजपा सरकार के सीएम रघुवर दास को चुनावी मैदान में पटखनी देनेवाले सरयू राय आखिर इस बार क्यों दल के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, यह सवाल बहुत महत्वपूर्ण है और इसे समझने की जरूरत है। इसका जवाब भी एक सवाल ही है कि क्या सरयू राय जदयू के एक तीर से दो निशाना तो नहीं लगाना चाह रहे हैं। आखिर सरयू राय के मन में क्या चल रहा है और इसके पीछे की राजनीतिक वजह क्या हो सकती है। राजनीति के जानकारों की मानें तो सरयू राय के पास अब बहुत ज्यादा विकल्प नहीं है।

### आसान नहीं है निर्दलीय चुनाव जीतना

जमशेदपुर पूर्वी या पश्चिमी सीट अब सरयू राय के लिए बहुत आसान नहीं रह गयी है। यही वजह है कि सरयू राय अब गठबंधन का उम्मीदवार बनना चाहते हैं। चूंकि भाजपा में उनकी वापसी की संभावना नहीं बन पा रही थी, इसलिए उन्होंने राजनीति में अपने पुराने सहयोगी का साथ लिया। जदयू में शामिल होने के बाद अब भाजपा के सामने परेशानी बढ़ गयी है। सरयू राय के लिए अगर जदयू अड़ गया, तो भाजपा से अब तक चुनाव लड़ने



वाले नेता पीछे छूट जायेंगे। सरयू राय को पता है कि बात चाहे जमशेदपुर पूर्वी की हो या पश्चिमी की, एनडीए और इंडी गठबंधन की लड़ाई में वह तीसरा कोण बना कर बहुत राजनीतिक रूप से बहुत अधिक जमीन तैयार नहीं कर पायेंगे। वैसे भी निर्दलीय विधायक की हैसियत से उनको वह स्थान नहीं मिल पाता, जिसके वह हकदार हैं। भाजपा में उनके कद का इस्तेमाल नहीं हो पाया था, जबकि सरयू राय अच्छे संगठनकर्ता भी हैं और विषयों की समझ भी। जदयू में आ जाने से उन्हें झारखंड स्तर पर फलक मिलेगा। झारखंड में जदयू के जनाधार को बढ़ाने के नजरिये से देखा जाये, तो सरयू राय के साथ आने से जदयू को झारखंड में लाभ मिलना तय है।

### इस बार बागी भी चुनाव मैदान में

इसलिए सरयू राय ने बहुत ही ठंडे दिमाग से बड़ा राजनीतिक दांव खेल दिया है। एनडीए का उम्मीदवार बन कर वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को कड़ी चुनौती जरूर दे सकते हैं। सीट शेयरिंग की घोषणा से पहले सरयू राय की इस राजनीतिक चाल को एनडीए गठबंधन के अंदर बहुत गंभीरता से लिया जा रहा है। सरयू राय झारखंड के कद्दावर नेता के रूप में पहचान रखते हैं। ऐसे में नीतीश कुमार के जदयू को झारखंड में मजबूत करने की जिम्मेदारी भी आज नहीं तो कल सरयू राय पर होगी और उन्हें झारखंड स्तर पर काम करने का मौका मिलेगा।

### बढ़ गयी भाजपा की टेंशन

सरयू राय के जदयू में शामिल होने से भाजपा की टेंशन बढ़ गयी है। सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने विधानसभा चुनाव में 15 से 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। अब उनके जदयू में जाने के बाद जदयू निश्चित रूप से छह से सात सीटों पर मजबूत दावा पेश करेगा। ऐसे में भाजपा के सामने परेशानी यह है कि अब तक झारखंड की 81 विधानसभा सीटों के बंटवारे में उसे केवल आजसू को हिस्सेदारी देनी होती थी, लेकिन इस बार जदयू के रूप में तीसरा दावेदार भी होगा। यानी पहले जहां एक रोटी में दो हिस्सेदार थे, अब तीन होंगे और इस तरह हरेक का हिस्सा पहले से कम हो जायेगा।

भाजपा की दूसरी परेशानी यह है कि अब उसे सरयू राय के साथ सीधे बातचीत करनी होगी। नीतीश कुमार अब झारखंड में अपनी पार्टी को धार देने के लिए सरयू राय को निश्चित रूप से जिम्मेदारी देंगे। ऐसे में सीट शेयरिंग से लेकर अन्य मुद्दों पर भाजपा को सरयू राय का सामना करना होगा। इसके अलावा भाजपा का रघुवर दास खेमा अब पूरी तरह से नेपथ्य में चला जायेगा, क्योंकि सरयू राय इस खेमे के विरोध को अपनी राजनीति का एक बड़ा मोड़ बना चुके हैं।

### छात्र राजनीति की उपज हैं सरयू राय

सरयू राय 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान बहुत ज्यादा सुर्खियों में आये थे। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को जमशेदपुर पूर्वी से शिकस्त दी थी। मगर उनकी राजनीति दशकों पुरानी है। सरयू राय भी आपातकाल के छात्र आंदोलन की उपज हैं। लालू यादव, नीतीश कुमार, रामबिलास पासवान, और सुशील मोदी के साथ ही सरयू राय ने भी राजनीतिक पारी शुरू की। कैलाशपति मिश्रा और लालकृष्ण आडवाणी के चहते सरयू राय जल्द ही भाजपा की उस स्टेट कोर टीम में शामिल हुए, जिसमें सुशील कुमार मोदी, नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा और नंदकिशोर यादव पहले से धाक जमा चुके थे। 1993 में भाजपा ने उन्हें प्रदेश प्रवक्ता बना दिया। तब बिहार में जनता दल की सरकार थी और लोग लालू प्रसाद यादव के ठेठ देसी अंदाज के दीवाने थे। मंडल और कमंडल की राजनीति के बीच सरयू राय ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सरयू राय ने चारा घोटाले का खुलासा करते हुए लालू यादव के खिलाफ 44 प्वाइंट की चार्जशीट पेश कर दी। चारा घोटाले की आंच की तपिश आज भी लालू परिवार को परेशान करती है।

### मंडल की राजनीति बदल गयी, भ्रष्टाचार को बना दिया मुद्दा

एकीकृत बिहार विधानसभा के भीतर सुशील मोदी चारा घोटाले को लेकर हमलावर रहे तो बाहर की कमान सरयू राय ने ही संभाली थी। भाजपा के आला नेता मानते हैं कि सरयू राय के होमवर्क और दस्तावेज एकत्र करने के कारण ही चारा घोटाले के मामले को कोर्ट तक पहुंचाया जा सका। अगर चारा घोटाला नहीं होता, तो बिहार की राजनीति कुछ और होती। इस घोटाले में लालू यादव की गिरफ्तारी के कारण बिहार की राजनीति मंडल से छिटक कर भ्रष्टाचार की सड़क पर दौड़ने लगी। बिहार में जनता दल का कुनबा बिखर गया। 1998 में सरयू राय विधान पार्षद बने और बिहार के बंटवारे तक भाजपा को धार देते रहे। झारखंड बनने के बाद सरयू राय का कद बढ़ गया, मगर अपने करीबी मित्र सुशील मोदी की तरह वह डिप्टी सीएम नहीं बन पाये। 2009 में विधानसभा चुनाव में हार से उनकी दावेदारी भी कमजोर पड़ गयी।

### विधानसभा चुनाव में टिकट कटा तो बागी हुए

2014 में मोदी लहर के बाद जब विधानसभा चुनाव हुए, तो वह दोबारा जीते और रघुवर दास के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने। उस दौर में भाजपा में आडवाणी युग का समापन हो रहा था। यूपी, बिहार और झारखंड में नये नेतृत्व को स्थापित किया जा रहा था। आडवाणी के करीबी माने जाने वाले नेता किनारे लगाये गये। 2019 में रघुवर दास की सिफारिश पर सरयू राय का टिकट ही काट दिया गया। नाराज सरयू ने इसके विरोध में रघुवर दास के खिलाफ ही ताल ठोंक दिया। चुनावी लड़ाई में सरयू राय जीत गये।

जाहिर है कि सरयू राय ने जदयू का दामन थाम कर सियासत का वह दांव खेल दिया है, जिसका असर आसन्न विधानसभा चुनाव में तो दिखेगा ही, साथ ही झारखंड की भावी सियासत में भी उसकी धमक महसूस की जायेगी।

---

## झारखंड में नौ कंपनियां करेंगी 11672 करोड़ का निवेश

# 7230 लोगों को मिलेगा रोजगार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के लिए खुशखबरी है। राज्य में नौ कंपनियां 11,672 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इनके निवेश प्रस्ताव को सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी ने मंजूरी दे दी है। जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष इन कंपनियों के साथ निवेश प्रस्ताव पर समझौता किया जायेगा। इन कंपनियों में कुल 7,230 लोगों को रोजगार मिलेंगे। इनमें दो कंपनियां मेगा कंपनियां हैं, जिनके साथ एमओयू किया जायेगा। सात कंपनियों का निवेश 1000 करोड़ रुपये से कम है, इन्हें लेटर ऑफ इंटेट (एलओआइ) दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार, जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन कंपनियों को एमओयू के लिए समय देंगे। प्रोजेक्ट भवन सभागार में एमओयू होगा। उद्योग विभाग इसकी तैयारी में जुटा है।




### सात कंपनियों को दिया जायेगा एलओआइ

**एग्रीटी स्टील एंड पावर लिमिटेड :** यह कंपनी 490 करोड़ की लागत से रामगढ़ में स्टील प्लांट लगायेगी। 500 लोगों को रोजगार देने की बात कंपनी की ओर से कही गयी है।

**नरसिंह इस्पात लिमिटेड :** यह कंपनी सरायकेला-खरसावां में 550 करोड़ की लागत से स्टील प्लांट लगायेगी। कंपनी द्वारा 200 लोगों को रोजगार देने की बात कही गयी है।

**गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड :** कंपनी द्वारा सरायकेला-खरसावां जिले के कादंबेरा में 300 करोड़ की लागत से स्टील प्लांट लगाया जायेगा। कंपनी में 860 लोगों को रोजगार मिलेंगे।

**केजी स्प्रीट्स एलएलपी :** इस कंपनी द्वारा गोविंदपुर धनबाद में इथेनॉल प्लांट लगाया जायेगा। इसमें 217 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा और 220 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

**एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड :** यह कंपनी सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह में 8485 करोड़ की लागत से स्टील प्लांट लगायेगी। कंपनी की ओर से 4400 लोगों को रोजगार देने का दावा किया गया है।

**द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड :** यह कंपनी 1270 करोड़ की लागत से स्टील वायर का प्लांट लगायेगी। कंपनी ने 600 लोगों को रोजगार देने की बात कही है।

**वनराज स्टील प्राइवेट लिमिटेड :** कंपनी की ओर से चांडिल में 250 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। इसमें 330 लोगों को रोजगार मिलेंगे।

**सरलाल इंजीनियरिंग लिमिटेड :** कंपनी की ओर से 59 करोड़ की लागत से गम्हरिया में स्टील प्लांट लगाया जायेगा। यहां 60 लोगों को रोजगार मिलेंगे।

**ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड :** कंपनी की ओर से पूर्वी सिंहभूम में इथेनॉल और स्पिरिट प्लांट लगाये जायेंगे। कंपनी द्वारा 49 करोड़ का निवेश किया जायेगा और 60 लोगों को रोजगार के अवसर दिये जायेंगे।

## हाइकोर्ट ने डीवीसी में नियुक्ति प्रक्रिया पर लगायी रोक

**रांची।** हाइकोर्ट ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन कोलकाता द्वारा एग्जीक्यूटिव ट्रेनी-मेडिकल ऑफिसर, असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए निकाले गये विज्ञापन के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को तीन सप्ताह में पूरक शपथ पर दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी, तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक रहेगी। मामले को लेकर भूपेंद्र सिंह की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। डीवीसी कोलकाता ने एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग के सात पदों और मेडिकल ऑफिसर के 21 पदों लिए 18 जुलाई को विज्ञापन निकाला गया था। 7 अगस्त तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसका चयन पूर्व में एग्जीक्यूटिव ट्रेनिंग के पद पर हुआ था। मेरिट लिस्ट में वह द्वितीय नंबर पर था, लेकिन उसका अंतिम रूप से चयन यह कहते हुए नहीं किया गया कि उस पर विभागीय कार्रवाई चल रही है, जिसको लेकर याचिकाकर्ता ओर से हाइकोर्ट भी याचिका दाखिल की गयी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बारिश नहीं थमी तो रुक्का डैम से रोज ढाई लाख मिलियन गैलन पानी बहाया जायेगा

- गर्मी में होता है सिकिदिरी हाइडल में मेंटेनेंस कार्य
- आचार संहिता के कारण देर से शुरू हुआ काम
- मेंटेनेंस के कारण सिकिदिरी 20 अगस्त तक बिजली उत्पादन के लिए नहीं ले सकेगा पानी
- डैम का लेवल खतरे के निशान 36 फीट से महज तीन फीट नीचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भारी बारिश के बाद कई नदियों, डैमों और नालों में जलस्तर बढ़ गया है। वहीं राजधानी रांची स्थित रुक्का डैम का जल खतरे के निशान यानी 36 फीट से महज तीन फीट ही नीचे है। डैम का लेबल 33.04 फीट पर पहुंच चुका है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जलस्तर 34 फीट होने पर गेट का कम से कम एक से दो फाटक खोल दिया जाता है और सिकिदिरी हाइडल पावर प्रोजेक्ट के लिए पानी छोड़ा जाता है, लेकिन फिलहाल सिकिदिरी हाइडल का वार्षिक मेटेनेंस का काम 25 जुलाई से जारी है, जो 20 अगस्त तक चलेगा। यानी 20 अगस्त तक सिकिदिरी डैम का पानी नहीं लेगा। ऐसे में अगर फिर से बारिश शुरू हुई, तो डैम से



प्रतिदिन कम से कम ढाई लाख मिलियन गैलन पानी बहाया जायेगा। इस तरह डैम का पानी यूं ही बर्बाद हो जायेगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि गर्मी में जब डैम में पानी कम था, तब सिकिदिरी हाइडल का मेटेनेंस क्यों नहीं किया गया। अभी बारिश में मेंटेनेंस का काम क्यों किया जा रहा है। इस पर बिजली उत्पान निगम के जीएम कुमुद रंजन ने कहा कि गर्मी में ही सिकिदिरी का मेंटेनेंस होता था, लेकिन इस बार आचार संहिता लगे रहने के कारण मेंटेनेंस कार्य समय से शुरू नहीं किया जा सका। 25 जुलाई से मेटेनेंनस कार्य शुरू किया गया।

डैम निर्माण के समय से ही बिजली विभाग, जलसंसाधन विभाग और पेयजल विभाग के समझौते के अनुसार रुक्का डैम से सिकिदिरी हाइडल को बिजली उत्पादन के लिए दिसंबर तक या डैम का लेबल 25 फीट से नीचे आने तक देना है। क्योंकि शहर के 90 प्रतिशत से भी अधिक इलाके में रुक्का डैम से ही पानी की आपूर्ति होती है, इसलिए 25 फीट के नीचे वाटर सप्लाई के लिए सुरक्षित रखना है।

### सिकिदिरी सस्ती बिजली देता है

झारखंड राज्य का एकलौता पन बिजली उत्पादक सिकिदिरी हाइडल पावर प्रोजेक्ट है। यह बारिश के दिनों में डैम का लेबल 25 फीट तक जाने तक प्रतिदिन बिजली उत्पादन करता है और जेबीवीएनएल को प्रति यूनिट दो रुपये की दर से सबसे सस्ती बिजली देता है। इस पावर प्रोजेक्ट में दो यूनिट है, जिसकी क्षमता 130 मेगावाट की है, मगर प्लांट 40 साल पुराना हो जाने के कारण फिलहाल इससे प्रतिदिन 55 से 58 मेगवाट ही बिजली का उत्पादन हो पाता है।

### गोंदा डैम से भी छोड़ा गया पानी

भारी बारिश के बाद कांके डैम का जलस्तर भी खतरे के निशान 28 फीट तक पहुंच गया था। इसके बाद डैम का फाटक खोला गया और पानी के लेवल को 28 फीट से नीचे किया गया। यानी अब गोंदा डैम पूरी तरह से सुरक्षित लेबल तक पहुंच गया है।

### हटिया डैम लबालब होने में अभी समय

हटिया डैम की बात करें तो यहां का जलस्तर अभी 25 फीट तक पहुंचा है। डैम की क्षमता 38 फीट है। यानी अभी इस डैम में पानी लबालब भरने में काफी समय लगेगा। दरअसल हटिया डैम ही एक ऐसा डैम है, जो पूरी तरह से बारिश और स्वर्णरेखा नदी पर आश्रित है। इस डैम में आसपास के नालों का पानी नहीं जाता है। इसलिए इस डैम का पानी अब भी काफी शुद्ध माना जाता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 °c | 23.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# मंइयां सम्मान योजना ने बिचौलियों के लिए लूट का रास्ता खोला: मरांडी

**फार्म के नाम पर की जा रही अवैध वसूली**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। कहा कि राज्य सरकार का जन कल्याण से कोई लेना देना नहीं। योजना का दिखावा केवल लूटने के लिए हो रहा है। बचे चंद महीनों में भी सरकार दलाल बिचौलियों के लिए लूट का रास्ता खोल रही है।

कहा कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के शुभारंभ के पहले दिन ही फॉर्म के नाम पर वसूली का शुभारंभ कर दिया गया है। हेमंत सरकार की चरणबद्ध योजना के तहत अभी फॉर्म के नाम पर, फिर पंजीकरण के नाम पर, फिर सूची में नाम डालने के नाम पर और अंत में खाते में पैसे भेजने के नाम पर वसूली के सारे चरण पूरे किया जायेंगे। इसके तो हजारों उदाहरण पहले ही हिम्मतवाली सरकार ने पेश कर दिये हैं, लेकिन फिर से एक बार वसूली का उदाहरण एक नयी योजना के साथ पेश किया जा रहा है। इन सारी घटनाओं से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि हेमंत सरकार में योजनाओं को लाने का उद्देश जनकल्याण नहीं, बल्कि वसूली करने और कराने का है।

## मंइयां योजना से जनता सतर्क रहे: बाउरी



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंइयां योजना पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार महाठग है। मंइयां योजना ठगी का नया संस्करण है। इसमें लोगों को एक बार फिर ठगने के लिए यह सरकार चालाकी से लोगों को अपने जाल में फंसा रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने चुनाव से पूर्व जनता से वादा किया था कि सभी गरीब परिवार को प्रति वर्ष 72000 रुपया देगी। अगर हिसाब लगाया जाये, तो पांच वर्ष में यह राशि 3.60 लाख हो जाती है, जो आज तक गरीब जनता को नहीं मिली। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस सरकार ने आज तक गरीबों को एक रुपया भी नहीं दिया, वह अब अपने कार्यकाल के अंतिम समय में क्या देगी। वहीं उन्होंने बताया कि गरीब जनता चंद पैसे की उम्मीद में धान रोपनी छोड़ कर सरकारी दफ्तरों में लंबी लाइन लग कर फॉर्म खरीद रही है, वह भी उन्हें नसीब नहीं हो रहा। जनता से अपील करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य की जनता ऐसी ठग सरकार से सतर्क रहे।

# राज्यपाल ने अमित शाह से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नयी दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर स्मृति के रूप में दी। राज्यपाल ने गृह मंत्री से झारखंड की विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। राज्यपाल बनने के बाद संतोष गंगवार की अमित शाह से पहली मुलाकात थी। इससे पहले राज्पाल ने 3 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें झारखंड के राज्यपाल की जिम्मेदारी देने के लिए आभार जताया। बता दें कि 28 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के कई राज्यों में राज्यपाल की नियुक्ति की। इसमें संतोष गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। संतोष गंगवार बरेली के रहनेवाले हैं। वह बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा। |
| वृष | नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा,महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें। |
| कन्या | नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा.स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति होगी। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# दारोगा अनुपम कच्छप हत्याकांड की जांच तेज

**घटनास्थल पर पहुंचे जोनल आइजी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर रिंग रोड के समीप स्थित एक होटल के पास शुक्रवार देर रात स्पेशल ब्रांच के दारोगा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के तीसरे दिन भी पुलिस को घटना ने शामिल आरोपियों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पायी है। वहीं दूसरी तरफ रांची जोनल आइजी अखिलेश झा सोमवार की शाम घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद आइजी जिस होटल में रात में पार्टी हुई थी, उस होटल के मालिक से पूरे मामले में पूछताछ की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आइजी ने कई बिंदुओं पर जांच करने का आदेश दिया। पूरे मामले में आइजी ने कहा कि जल्द रांची पुलिस हत्याकांड का खुलासा करेगी। कुछ सुराग एसआइटी को मिले हैं, जिस पर काम चल रहा है।

अनुपम कच्छप हत्या मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने अनुपम के परिवार के लोगों से जानकारी ली। परिवार के लोगों ने विवाद के कुछ बिंदुओं पर पुलिस को जानकारी दी। इसके आधार पर पुलिस की टीम सत्यापन कर रही है कि कहीं पारिवारिक विवाद की वजह से हत्या तो नहीं हुई। इसके अलावा पुलिस की टीम अनुपम के दोस्तों का मोबाइल नंबर लिया है, ताकि तकनीकी शाखा के सहयोग से सीडीआर निकाल कर यह पता लगाया जा सके कि हत्याकांड के पीछे किसी अपने का हाथ तो नहीं।

पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए जमीन विवाद के बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। अनुपम का विभागीय काम की वजह से किसी से दुश्मनी तो नहीं थी। इस बिंदु पर भी पुलिस जांच कर रही है।

# चौकीदारों ने शुरू किया जेल भरो अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीन सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य दफादार-चौकीदार पंचायत राज्य कमेटी की ओर से सोमवार से जेल भरो आंदोलन शुरू किया गया। झारखंड के विभिन्न जिलों में सरकार ने चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकला है। उसे रद्द कराने की मांग को लेकर चौकीदार और दफादर 20 जुलाई से राजभवनन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे, लेकिन सीएम से वार्ता नहीं होने के कारण सोमवार को राजभवन से पैदल मार्च करते हुए राजभवन की ओर आगे बढ़ रहे थे। वहां मौजूद पुलिस ने सभी को रोक दिया। अध्यक्ष दयाल सिंह ने कहा कि 4 अगस्त तक सरकार से वार्ता कराने का निर्णय लिया गया था, लेकिन रविवार को सीएम से वार्ता नहीं हुई। जब तक सीएम से वार्ता नहीं होती और विज्ञापन रद्द नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

# राहुल गांधी इसी महीने आ सकते हैं झारखंड



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के झारखंड के प्रस्तावित दौरे को लेकर गिरिडीह के कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धनंजय सिंह ने सोमवार को बताया कि राहुल गांधी के अगस्त में झारखंड के दौरे पर आने की संभावना हैण प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी आलाकमान को इसका प्रस्ताव भेजा है। राहुल गांधी के आगमन की तैयारी को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में पार्टी की बैठक हो चुकी है। कार्यक्रम तय होते ही प्रदेश नेतृत्व एक बड़ा सम्मेलन का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी झारखंड में आकर संगठनात्मक इकाइयों के पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। इसके अलावा प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारी से मिलकर चुनाव के संबंध में फीडबैक प्राप्त करेंगे। राज्य सहित जिले के बीस सूत्री कमेटियों से भी राहुल गांधी संवाद कर सकते हैं।

**जेएसएससी ने हाइकोर्ट को बताया**

# वेबसाइट पर जारी होगी शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की मेरिट लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जेएसएससी द्वारा वर्ष 2016 में हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन का राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करेगा। सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में यह जानकारी जेएसएससी की ओर से दी गयी है। झारखंड हाइकोर्ट में बताया गया कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर 10 दिन में अपलोड कर हो जायेगा। इसके साथ ही कमीशन कट ऑफ मार्क्स भी अपनी वेबसाइट पर जारी करेगा। कोर्ट ने जेएसएससी को निर्देश दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करे। अब हाइकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। बता दें कि हाइकोर्ट ने पूर्व में जेएसएससी को वर्ष 2016 के हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्य स्तरीय मेरिट जारी करने का निर्देश दिया था। मामले में मीना कुमारी समेत सात अभ्यर्थियों ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

# झारक्राफ्ट ने खोला दिल्ली में एक्सक्लूसिव शोरूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** झारखंड सिल्क टेक्सटाइल एंड हैंडलूम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड अपने उत्पादों के लिए देश-विदेश में चिर परिचित नाम है। सिल्क को काफी सराहा जाता है। अपने उत्पादों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सोमवार को झारक्राफ्ट ने दिल्ली के जनपथ पर स्थित कॉटेज इंडस्ट्री के परिसर में एक्लूसिव शो रूम खोला है। इसका उद्घाटन मंत्री उद्योग सत्यानंद भोक्ता ने किया। कहा कि झारक्राफ्ट उत्कृष्ट उत्पादों के उत्पादन, बिक्री के साथ बहुत से कारीगरों को रोजगार भी मुहैया करता है। यहां न सिर्फ देश से बल्कि विदेश से भी ग्राहक आते हैं। आशा है कि इस प्रयास से झारक्राफ्ट को नये आयाम मिलेंगे।

दिल्ली में पहली बार है कि सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज के परिसर में किसी अन्य ब्रांड को स्थान मिला है, जो झारखंड के लिए उपलब्धि है। इस अवसर पर सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तकरघा और वस्त्र उद्योग की वृद्धि को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से झारक्राफ्ट ने यह नया कदम उठाया है। झारक्राफ्ट मेक इन इंडिया की अवधारणा के साथ हस्तकरघा-वस्त्र उद्योग में गुणवत्ता और नवीनता की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक कीर्तिश्री ने बताया की झारक्राफ्ट शुद्ध ऑर्गेनिक, चमकदार तसर रेशम का उत्पादन करने वाला अग्रणी उत्पादक है। झारक्राफ्ट प्रदेश के रीलरों, सूतकातकों, बुनकरों, शिल्पियों अन्य को रोजगार मुहैया करा रहा है। इस अवसर पर झारक्राफ्ट के महाप्रबंधक पंकज कुमार, सहायक महाप्रबंधक राहुल मिश्रा, कार्यप्रभारी हैंडलूम मनोज महतो और अन्य मौजूद थे।

# वकील गोपाल की हत्या पर हाइकोर्ट का स्वतः संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**डीजीपी-एसएसपी ने बताया आरोपी किये गये गिरफ्तार**

**रांची।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की दिन दहाड़े हुई हत्या पर झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को हाइकोर्ट के निर्देश पर राज्य के डीजीपी, रांची एसएसपी और एसआइटी के नेतृत्वकर्ता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सभी अधिकारियों ने इस मामले में अब तक की गयी कार्रवाई की जानकारी कोर्ट को दी। अधिकारियों ने अदालत को बताया कि एसआइटी गठन कर इस केस की जांच की जा रही है और अधिवक्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली गयी है। वहीं अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा भी दी जायेगी। इसके साथ ही विक्टिम कंपनसेशन योजना के तहत अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक सहायता भी पहुंचायी जायेगी। जानकारी से संतुष्ट होकर अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है।

## दायर की याचिका

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी आर्किटेक्ट विनोद सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका वापस लेने के लिए याचिका दायर की है। विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल कर जमानत अर्जी वापस मांगी है। लैंड स्कैम में विनोद सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

# जेएसएससी कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सहायक आचार्य पेपर उर्दू विषय के लिए 31 जुलाई को आयोजित हुई परीक्षा में सभी प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस दिये जाने के विरोध में अभ्यर्थियों ने जेएसएससी के समक्ष प्रदर्शन किया। आउट ऑफ सिलेबस सवाल दिये जाने के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव से वार्ता हुई। एस अली ने बताया कि पेपर- 4 उर्दू विषय के सभी प्रश्न पत्र और आउट ऑफ सिलेबस थे, जिसके कारण अभ्यर्थी तैयारी अनुसार प्रश्न के उत्तर नहीं दे पाये, जिसके कारण उनका रिजल्ट खराब होने की संभावना है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग उर्दू विषय की परीक्षा का आयोजन दोबारा कराये, ताकि अभ्यर्थी सिलेबस अनुसार परीक्षा दे सके। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव ने एग्जामिनेशन बोर्ड में शिकायतों को रखने की बात कही और उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के हित में ही आयोग निर्णय लेगी। इस मौके पर झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि उर्दू भाषा अभ्यर्थियों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आयोग से मांग की है कि दोबारा परीक्षा नहीं कराने की स्थिति में उच्च न्यायालय का सहारा लिया जायेगा।

# कैबिनेट की बैठक कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 7 अगस्त को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट में कैबिनेट की बैठक होगी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

**कार्यक्रम : बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में चित्रकला शैली पर कार्यशाला**

# समृद्ध है झारखंड की कला संस्कृति: दीपक बिरुआ

**10 अगस्त 2024 तक चलेगी प्रदर्शनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कला संस्कृति हमारी पहचान है। संस्कृति और परंपराओं को लेकर हमेशा संवेदनशील रहे हैं। झारखंड की आदिवासी कला-संस्कृति को और ज्यादा समृद्ध बनाने की जरूरत है। उक्त बातें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में आयोजित होनेवाले विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के तहत झारखंड की चित्रकला शैली पर कार्यशाला सह प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर कहीं।

मंत्री ने कहा कि विश्व आदिवासी महोत्सव के मौके पर राज्य की आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया जायेगा, ताकि विश्व को झारखंड के आदिवासी समुदाय की संस्कृति से परिचित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव एक मंच है, जो हमारी संस्कृति को नया आयाम देगा। उन्होंने आदिवासी संस्कृति की सुरक्षा, संवर्धन को लेकर भी अपने विचार साझा किये।

## आदिवासी संस्कृति का होगा समागम: कृपानंद

विभागीय सचिव कृपानंद झा ने कहा कि इस आयोजन में नृत्य, गीत की परंपरा का भी प्रदर्शन होगा और पूरे देश की आदिवासी संस्कृति का समागम देखने को मिलेगा। कहा कि हमें झारखंड की परंपरागत कला और संस्कृति को समृद्ध बनाने के लिए भी काम करना है। विभाग इसे लेकर काफी संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि चित्रकला प्रदर्शनी में 57 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

## आदिवासियत को सामने लाने का प्रयास: आयुक्त

कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने कहा कि इस महोत्सव में झारखंड की आदिवासी संस्कृति को उकेरा जायेगा। चित्रकला के लिए महोत्सव में एक बड़ा कैनवास लगाया जा रहा है, जिसपर आदिवासी संस्कृति से जुड़ी भावनाओं को महोत्सव में आने वाले लोग उकेर सकेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की चित्रकला के विशेषज्ञ भी इस कार्यशाला सह प्रदर्शनी में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो यहां की संस्कृति से जुड़ी पहलुओं की जानकारी देंगे। इस अवसर पर टीआरआइ की नमिता रानी टूटी सहित अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही

रांची, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024

www.azadsipahi.in



## बारिश के कारण घुघलिया नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भराजो पंचायत अंतर्गत मथुरा नगर - टाटीझरिया मार्ग पर बने घुघलिया नदी पर पूल भारी बारिश के कारण ढह गया। यहां पर टुटे पुल से बडा खतरा मंडरा रहा है। पुल के किनारे बने गार्डवाल को गिरे हुए तीन साल हो गया है। धीरे-धीरे बारिश के दिनों में यह रोड टुटता ही जा रहा है। भारी वर्षा होने के कारण सड़क भी धीरे-धीरे गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिसके कारण कभी भी बड़ी घटना यहां घट सकती है। बता दे की डहरभंगा पंचायत के घुघुलिया नदी जो की मथुरा नगर भराजो से टाटीझरिया मुख्य सड़क जाने के रास्ते में नदी पर पुल बना हुआ है। इस रास्ते से झरपो, भराजो, गोधिया, खैरा, बेडमक्का, नारायपुर सहित कई अन्य गांवो से टाटीझरिया विद्यालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल बस के द्वारा आते जाते है। यहां तक की प्रखंड क्षेत्र का बड़ा सप्ताहिक हाट बाजार जो मंगलवार को टाटीझरिया लगता है। किसान सब्जी लेकर साइकिल या मोटर साईकिल से ढोकर ले जाते है। इस सड़क से सैकडों लोग हर दिन आवागमन करते रहते हैं। यह सड़क कभी भी बड़ी घटना को संकेत दे रही है प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि इस पूल की स्तिथि काफी भयानक है यह जर्जर स्थिति में है इसे जल्द विभाग को दुरूस्त करना चाहिए। भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा की तेज वर्षा के कारण सड़क किनारे मिट्टी को नदी का पानी बहाकर ले गयी है जिससे बहुत ही ज्यादा खंडर जैसा गढ्ढा बन गया है। प्रखंड की बैठक में बात को रखेंगे और इसे बनाने का काम करेंगे जिससे राहगीरों को परेशानी ना हो।

## सरयू राय के जदयू में शामिल होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक और झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सरयू राय जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में आस्था व्यक्त करते हुए जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय झा, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, झारखंड के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, विधान पार्षद संजय गांधी की उपस्थिति में जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण की। इनके पार्टी में आने से झारखंड के संगठन को बल मिलेगा और उनके नेतृत्व में एनडीए मजबूत होगा। साथ ही साथ झारखंड में जदयू नई मजबूती और ऊजार्वान होकर विधानसभा में अपनी मजबूत और दमदार उपस्थिति दर्ज करवायेगी। सरयू राय के पार्टी में आने पर हजारीबाग जिला कमेटी और प्रदेश के नेता अति उत्साहित हैं। उनका पार्टी में स्वागत और अभिनंदन करते हैं। हर्ष व्यक्त करने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, प्रदेश सचिव और बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता, रामगढ़ प्रभारी मिथिलेश सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, जिला सचिव सुजाता सिंह और अन्य नेता उपस्थित थे।

## जयनगर में तीसरे दिन भी सर्वर ठप



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर आवेदन ऑनलाइन करने के लिए तिलोकरी, गोहाल, पिपचो, कटिया, गड़गी, सतडीहा, डंडाडीह, जयनगर आदि पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सैकड़ों के संख्या संख्या में महिलाएं अपने-अपने पंचायत भवन में उपस्थित हुए। लेकिन सर्वर डाउन रहने के कारण महिलाओं को मायूस होकर घूमना पड़ा। एक और जहां महिलाएं अपनी काम काज छोड़कर मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में आवेदन करने के लिए दिनभर भूखे प्यासे रही। वहीं एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं की गयी। कहीं-कहीं एक दो आवेदन ऑनलाइन किया। तिलोकरी पंचायत के उप मुखिया साजन खान ने बताया कि सुबह शुरू में 4 से 6 आवेदन ऑनलाइन हुए उसके बाद से सर्वर काम नहीं करने लगा, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कई पंचायत में महिलाओं ने जमकर बवाल काटा। महिलाओं ने कहा कि धान रोपनी के समय में हम सभी अपने-अपने कामों को छोड़कर फॉर्म को ऑनलाइन करवाने के लिए पहुंचे। लगातार दो दिनों से सर्वर ठप रहने के कारण हम लोगों के काम में भी नुकसान हुआ और ऑनलाइन का काम भी नहीं हो पाया। विभिन्न पंचायत की महिलाओं ने सर्वर ठीक करने के बाद फॉर्म रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए सरकार से आग्रह किया है।

## पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ दो मुहानी धाम में किया जलाभिषेक



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** सावन के तीसरे सोमवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समर्थकों के साथ दो मुहानी धाम पुतो पहुंचे और भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किये। इस दौरान उन्होंने बरही विधानसभा क्षेत्र वासियों समेत देश भर के लोगों की मंगलकामना की व कहा कि सावन के महीने में कई महत्वपूर्ण त्योहार मनाये जाते हैं, जिनमें शिवरात्रि, सावन सोमवार और हरियाली तीज शामिल हैं। सावन सोमवार भगवान शिव को समर्पित विशेष दिन है। सावन के महीने में पूजा और अनुष्ठान करने से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति मिलती है। भगवान शिव की कृपा से व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता आती है। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और पूजा का एक महत्वपूर्ण समय है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन में शांति, सुख और समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जलाभिषेक में जिला परिषद सदस्य नीतू यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, पूर्व प्रमुख महेन्द्र यादव, लीलावती देवी, मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, बंटी मोदी, आनंद मोदी, पूर्व मुखिया महेश मोदी, नंदकिशोर सोनी, रामप्रसाद यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### एसपी ने की जिले के पुलिस पदाधिकारियों संग अपराध गोष्ठी

# कोयला और बालू के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए किया निर्देशित

**कोरेक्स, व्हाइटनर आदि की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसपी अरविंद कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया। 4 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु एसपी ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया। सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए और एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अवैध पोस्ता अफीम की खेती और ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना और हिंसा, पोक्सो एक्ट से संबंधित और अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के विभिन्न पदार्थ जैसे कोरेक्स, व्हाइटनर आदि की अवैध खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू और पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जमानती और गैरजमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। व्यवहार न्यायालय के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, डीएसपी नीरज, डीएसपी प्रशांत कुमार, डीएसपी मनोज सिंह, सुरजीत कुमार समेत पुलिस इंस्पेक्टर और जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर लगा शिविर

# कोडरमा उपायुक्त ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं, बहनों को लाभ दिलाने के लिये प्रखंडों के पंचायत और गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगरखारा, नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत बालिका उच्च विद्यालय और पंचायत सचिवालय पुरनाडीह में लगे शिविर का किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिविर में आ रहे लाभुकों को फार्म भरने की प्रक्रिया से अवगत हुई। उन्होंने कहा कि आहर्त्ता रखने वाले सभी महिला, बहनों को योजना का लाभ दें। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना से लाभ देने से कोई भी महिलाएं, बहनें वंचित न रहे शव सुनिश्चित करेंगे। बता दें कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## अलग-अलग मामले को लेकर सात गिरफ्तार

**सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों को लेकर 7 व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसमें कांड संख्या 27/24 धारा 272, 273, 414, 34 आइपीसी उप धारा 47(अ) उत्पाद अधिनियम के प्राथमिक अभियुक्त 44वर्षीय चुरामन राय पिता परमेश्वर राय, 45 वर्षीय रामचंद्र शर्मा उम्र पिता स्वर्गीय चमरू ठाकुर, 34 वर्षीय संतोष राय उम्र पिता रामेश्वर राय, 30 वर्षीय दुर्गा राय पिता पति राय सभी ग्राम कोठीयार निवासी। जीआर ई 62/21 वारंटी अभियुक्त 27 वर्षीय प्रेम राज विश्वकर्मा पिता हीरालाल विश्वकर्मा ग्राम पंचमोह निवासी जी आर ई 62/21 के वारंटी 63 वर्षीय राजो पासवान पिता स्वर्गीय बुधन पासवान, 64 वर्षीय दशरथ प्रसाद पिता स्वर्गीय रतन चौरसिया दोनों ग्राम हलकुसा को गिरफ्तार कर सभी न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन हेतु भेजा गया।**

## आकाश कुमार ने संभाला डीएसइ का कार्यभार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शिक्षा सेवा संवर्ग के अधिकारी आकाश कुमार ने डीएसइ का कार्यभार सोमवार को संभाला। पहले यह गढ़वा में पदस्थापित थे। कार्यभार संभालने के बाद आकाश कुमार ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना ही मुख्य उद्देश्य है।

# जागृति महिला संघ की सदस्यों ने लगाये पौधे

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था, जागृति महिला संघ, ने ढेंगा स्थित पुनर्वास और पुनर्स्थापना कॉलोनी में त्रिवेणी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीपल, बरगद और नीम जैसे पेड़ों का पौधारोपण किया गया। महिला संघ की सदस्यों ने इन पेड़ों को स्वयं लगाया। त्रिवेणी पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य आसपास के वातावरण को स्वस्थ और स्वच्छ बनाना है। पीपल, बरगद, और नीम के पेड़ हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। यह पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं बल्कि इनके बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में छांव और हरियाली भी फैलती है। पीपल, बरगद, और नीम के पेड़ बड़े आकार के होते हैं और इनकी छांव में लोग आराम कर सकते हैं, जिससे गर्मियों के मौसम में लोगों को राहत मिलती है। जागृति महिला संघ के इस प्रयास से जाहिर तौर पर स्थानीय निवासियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने आसपास पौधारोपण करेंगे। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और लोग अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित होते हैं। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर जागृति महिला संघ अध्यक्षा तजीन फैज ने कहा कि पौधरोपण सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि हमें इन पेड़ों की देखभाल भी नियमित रूप से करनी चाहिए ताकि वे सही तरीके से बढ़ सकें और हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बना सकें। मौके पर महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज के अलावा उप अध्यक्षा मीनाक्षी सक्सेना, महिला समूह की वरिष्ठ सदस्य और अन्य मौजूद रहे।

# चौकीदारों की बहाली में आरक्षण समाप्त करने के खिलाफ डीएसएमएम का विरोध प्रदर्शन

**दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) ने आंबेडकर पार्क में किया विरोध प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** चौकीदारों की बहाली में अनुसूचित जाति का आरक्षण समाप्त करने के खिलाफ सोमवार को दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) ने आंबेडकर पार्क में किया विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन में दलितों की परंपरागत अधिकार छीनने वाली हेमंत सरकार होश में आओ, आरक्षण पर हमला बंद करो, संविधान निमार्ता भीमराव आंबेडकर अमर रहे आदि आक्रोशपूर्ण नारे लगाये जा रहे थे। विजय पासवान की अध्यक्षता में हुई विरोध सभा को संबोधित करते हुए दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने कहा कि ब्रिटिश हुकुमत के समय से ही संयुक्त बिहार में चौकीदारों की बहाली में 100 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग काम करते आ रहे हैं। जब उसको मजदूरी बहुत कम मिलती थी। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की सरकार ने चौकीदारों को नौकरी स्थायी किया था और तब से ही सम्मानजनक वेतन भी चौकीदारों को मिलने लगा। जिसके बाद से ही सामंती सोच रखने वाले लोगों ने साजिश करना शुरू कर दिया था जिसमें ब्यूरोक्रेसी भी शामिल है। कोडरमा जिला सहित झारखंड के अधिकतर जिलों में चौकीदार की बहाली में अनुसूचित जाति का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। हेमंत सरकार यह फैसला दलित विरोधी कदम है। अगर सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आगामी चुनाव में इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। सभा के बाद उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें चौकीदारों की बहाली में आरक्षण पूर्व की तरह बहाल करने की मांग की गयी। कार्यक्रम में दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला सचिव शंभु पासवान, राजकुमार पासवान, विजय पासवान, दशरथ पासवान, सुरेश दयाल, चौधरी पासवान, अर्जुन पासवान, शिवपुजन पासवान, मुकेश पासवान, मुकेश पासवान, रवि पासवान, विजय पासवान, गुड्डू पासवान, विजय दास, टिंकू कुमार दास, कृष्णा पासवान, महेन्द्र दास, रामपूजन दास, ललिता देवी, सोनू कुमार दास, सुरेन्द्र कुमार दास, बालेश्वर दास, सुनील कुमार दास, शिबू दास, ललिता देवी आदि मौजूद थे।

## हजारीबाग के अथर्व बख्शी और अविर्भव ने सुपरस्टार सिंगर 3 का प्रतिष्ठित खिताब जीता




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सोनी एंटरटेनमेंट टीवी के होमग्रोन किड्स सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 का शानदार समापन हो गया है। जिसमें संगीत के नये हुनर जो बनेंगे कल के धरोहर की खोज की गयी। फ्यूचर का फिनाले नामक सितारों में झारखंड के अथर्व बख्शी और केरल के अविर्भव एस को विजेता घोषित किया गया और उन्होंने सुपरस्टार सिंगर 3 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम कर ली। ट्रॉफी के साथ, अथर्व और अविर्भव को 10-10 लाख रुपये का चेक दिया गया, जबकि पूरे सीजन में दर्शकों का दिल जीतने वाले 7 फाइनलिस्टों को 1-1 लाख रुपये का चेक दिया गया। ऑडिशन से ही झारखंड के हजारीबाग निवासी 12 वर्षीय अथर्व बख्शी ने अपनी मधुर आवाज से हर बार सभी को मंत्रमुग्ध किया है। नेहा कक्कड़ ने उनकी भावनात्मक गहराई और वोकल के कौशल के लिए उनकी तुलना प्रसिद्ध अरिजीत सिंह से की थी या बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल जिन्होंने अथर्व के परफॉर्मेंस की भरपूर तारीफ की थी और कहा था कि म्यूज़िक इंडस्ट्री को उनके जैसे बेहतरीन गायक को पाकर गर्व होगा। इस लिटिल वंडर के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अथर्व के पिता, जो कभी नहीं चाहते थे कि उनका बेटा संगीत की दुनिया में कदम रखे, अब अपने बेटे को यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाते देखकर गर्व से भर गये हैं।

## बड़कागांव ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटर ने काला बिल्ला लगा कर किया कार्यालय का काम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के द्वारा कंप्युटर ऑपरेटरों के मांगों को सरकार द्वारा नहीं माने जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए ही पूर्व से घोषित 05 और 06 अगस्त को काला बिल्ला लगाकर कर कार्यालय में कार्यलयी कार्य करने का निर्णय लिया गया था जो संघ के द्वारा पूर्व से निर्धारित था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सोमवार को बड़कागांव ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकाश कुमार ने काला बिल्ला लगाकर कार्यालय का कार्य किया। आगे उन्होंने बताया कि हम लोगों का मांग है कि सामाजिक सुरक्षा कम्प्यूटर ऑपरेटर के मानदेय के विसंगती को दूर करते हुये झारखंड राज्य में एकरूपता लायी जाये। पूर्ण बचाव के अवसर दिये जाये, कम्प्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगायी जाये। सभी कार्यरत सामजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर और अन्य कार्यरत कर्मी की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद एक मुश्त वरीयता के आधार पर समायोजित किया जाये और सामाजिक सुरक्षा के तहत अन्य सुविधा के साथ-साथ 60 वर्ष उम्र सीमा तक सेवा की गारंटी दी जाये। आउटसोर्स, दैनिक मजदूरी, संविदा और अनुबंध पर कार्यरत सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर का एक साथ वरीयता सूची प्रकाशित की जाये। कार्य की महत्ता को देखते हुए आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मी की एक समान वरीयता सूची में स्थान दिया जाये।

## उरेज में गंदा पानी पीने को मजबूर हैं लोग



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आदिवासी बहुल क्षेत्र आर एंड आर कॉलोनी उरेज के ग्रामीण और विद्यालय के बच्चे को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यहां के दर्जनों घर के लोग और बच्चे गंदा पानी-पीने को विवश है। पानी की समस्या को देखते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ के समीप सौर ऊर्जा से संचालित पेयजल हेतु नल जल आपूर्ति सिस्टम लगाया गया है। जो कई माह से खराब पड़ा है। महज हाथी का दांत साबित हो होकर रह गया है। मजबूरन ग्रामीण इधर-उधर से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं, और अब बरसात के समय पर भी गंदा पानी पीना मजबूरी हो गया है। मामले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया नीलम मिंज को लोगों के द्वारा इस समस्या को अवगत कराया गया। उन्होंने पहल करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो के सहयोग से चापानल को बनाकर पानी मुहैया कर दी है। पर उक्त पानी में आयरन की मात्रा इतना काफी है कि वह पानी भी पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में यह पानी पीने से विद्यालय के बच्चों और लोगों का दांत पीला हो जा रहा है, और भोजन बनाने पर भोजन का कलर भी बदल जा रहा है। बर्तन आदि सामग्रियों को साफ-सफाई करने पर उनका रंग बदल जा रहा है। इससे यह समझा जा सकता है कि वह पानी में आयरन की मात्रा कितना अधिक है। मामले को लेकर ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन समिति उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ के सदस्यों ने नल योजना नल को ठीक करने और विद्यालय में पानी फिल्टर लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में नीलम मिंज, संगीता कुमारी, राजमणि देवी, कालेश्वर गंझू, नीली ग्रेस कुजूर, नागेश्वर गंझू, उमेश कुमार महतो, सानिया देवी, शमशेर आलम, कपूर्री ठाकुर, सुधू गंझू, अरविंद सिंह, सुधीर मिंज, बिनेश्वर प्रसाद विनायक, जाशो देवी, हेमंती देवी, रमेश गंझू, बुधराम गंझू, धानू गंझू, बालदेव गंझू, दसई मुंडा, संगीता देवी, पूजा देवी, अंजली कुमारी, रितेश कुमार सहित अन्य शामिल है।

## हजारीबाग पुलिस ने जिलेभर में चलाया अभियान, 24 घंटे में की 105 गिरफ्तारी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने रविवार-सोमवार की रात्रि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 105 गिरफ्तारियां की है। सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन सभी के खिलाफ विभिन्न थाना में मामले चल रहे थे और न्यायालयों से इन सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी था। जानकारी के अनुसार बड़कागांव थाना क्षेत्र से 8, केरेडारी से 6, गिद्दी से 5, विष्णुगढ़ से 10, टाटी झरिया से 1, दारू से 1, चरही से 2, कोर्रा से 3, लोहसिंघना 7, बरही 7, पदमा 5, चौपारण 2, बरकट्ठा 1, चलकुशा 2, मुफ्फसिल से 8, सदर थाना से 2, कटकम दाग से 6, कटकमसांडी से 5, पेलावाल ओपी से 8, इचाक से 10, गोरहर से 2 और बड़ा बाजार ओपी से चार वारेंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लटका रहा ताला




**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण लोगों को छोटी परेशानी होने पर उनको शहर तक न जाना पड़े उन्हें गांव में ही रहकर समुचित इलाज मिल सकें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांव में ही उप स्वास्थ्य केंद्र बनावाये थे लेकिन अब सरकार ने इनको आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया। लेकिन उसके बाद भी व्यवस्थाएं सुधर नहीं रही है। इनकी खुद की हालत खराब है। मामला चंदवारा प्रखंड के ढाब थाम का है जहां सोमवार को लोग उपचार के लिए पहुंचे थे लेकिन ताला लगा होने से वह वापस लौट गये। विभाग का कोई भी जिम्मेदार यहां मौजूद नहीं देखा गया। सरकार एक तरफ स्वास्थ्य सेवा को लेकर बड़े-बड़े वादे कर रही है। वही ये वादे गांव के धरातल पर बिल्कुल फेल साबित नजर हो रहा है। ऐसे में सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करके इस समस्या से निदान दिलाने का काम करना चाहिए। वही इस बाबत प्रभारी चिकित्सक डॉ आरपी शर्मा से पूछे जाने पर उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों के पल्स पोलियो मीटिंग में जाने की बात कही।

## तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में श्रावण माह के तीसरी सोमवारी पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों की अपार भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दूध और जल से शिवलिंग का जलाभिषेक कर, फल-फूल, बेलपत्र और प्रसाद चढ़ाकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इधर तीन नंबर झोपड़ी स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इसमें सैंकड़ों लोगों ने पूजा किया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर में 5 अगस्त को श्रद्धालुओं के सहयोग से महाशिवपुराण कथा का शुभारंभ हुआ। यह अनुष्ठान 11 अगस्त तक चलेगा। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक कथा वाचक के द्वारा कथा का पाठ व प्रवचन किया गया। इस दौरान रूद्राभिषेक अनुष्ठान का भी आयोजन होगा।

## उज्ज्वला फाउंडेशन की आगामी बैठक चितरपुर में



**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक सोमवार को मोतीराम कंपलेक्स बोंगावार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन वीना कुमारी ने की। बैठक के दौरान फाउंडेशन को आगे बढ़ाने और विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। वही, मासिक शुल्क जमा किया गया। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य आप सभी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सफल अभियान के तहत प्रयासरत है। जिसका आने वाले दिनों में परिणाम दिखेगा। उन्होंने मौजूद सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि अगली बैठक चितरपुर में आयोजित की जायेगी। जिसमें कोठार, कैथा, चितरपुर, लारी, गोला समेत आसपास के ग्रामीण सदस्य शामिल रहेंगे। बैठक में भाजपा नप मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, शांति देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, रिंकू देवी, गिरजा देवी, कर्मी देवी, कंचन देवी, पार्वती देवी, बचनी देवी, रीता देवी समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## समस्याओं को लेकर पीओ के साथ की गयी बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी पंचायत और पोटंगा पंचायत क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/पोटंगा के संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में दर्जनों विस्थापित ग्रामीणों के बीच परियोजना कार्यालय उरीमारी में परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के साथ बैठक हुई। इस दौरान सिविल विभाग के चंदन कुमार उपस्थित थे। बैठक के दौरान राजू यादव ने उरीमारी पीओ को समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले दिनों भारी बारिश होने से हेसाबेड़ा तलाब का तटबंध और सड़क टूट जाने के कारण हेसाबेड़ा से मुख्य सड़क तक आवागमन बंद हो गया है जिसे अविलंब बनवाया जाये। उरीमारी पंचायत और पोटंगा पंचायत क्षेत्र के चौक चौराहों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाये। उरीमारी परियोजना में आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में विस्थापित मजदूरों को रोजगार मुहैया जल्द से जल्द कराया जाये। बैठक में विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/पोटंगा अध्यक्ष सह पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी, डॉ जी आर भगत, सिगू मांझी, उपमुखिया सतीश कुमार, दिपक कुमार यादव, जतरु बेसरा, रतन मांझी, कूला प्रजापति, बिनोद प्रजापति, दशाराम हेंब्रम, बासुदेव सोरेन, राकेश बेसरा, बिरजू मांझी, सरोज मुर्मू, पूरन मांझी, मोहन टुडू, राजेंद्र किस्कू, राम बेसरा, मन्नू टुडू, प्रभू मांझी, रमेश हेंब्रम, अरुण बेसरा, शिबू ठाकुर, निखिल टुडू, विशाल हेंब्रम, चंदन पवरिया, अविनाश किस्कू, मनोज हेंब्रम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ में झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की हड़ताल जारी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ जिला इकाई नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को रामगढ़ अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने प्रखण्ड मुख्यालय के समीप मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की गयी। कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार से प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ के सचिव संजय प्रसाद ने कहा कि जब तक हमारी मांगे सरकार नहीं मान लेती है, तब तक हडताल जारी रहेगा। मंदिर के पूजा अर्चना करने में मुख्य रूप से संजय प्रसाद, लालेश्वर करमाली, विपूल चौधरी, जयमोद कुमार, विशाल, जितेन्द्र कुमार, माशूक अली, भागीरथ प्रसाद, श्रवण कुमार, मधुलता देवी, सुषमा कुमारी, सुमित्रा कुमारी, सूरज साव, दुर्गेश रविदास, राजदीप, सुमित गुप्ता, कैलाश मुंडा, अजित कुमार, राजीव रंजन, बिन्दु देवी, आनंद कुमार, दुर्योधन कुमार, राकेश कुमार, मंजीत, समर, विकास आदि उपस्थित थे।

## जन समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता : अंबा प्रसाद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पतरातू प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव से आए ग्रामीण लोगों कि समस्याओं को विधायक ने सुनी इसके बाद सभी समस्याओं को तत्परता के साथ निराकरण करने का काम किया गया। जो समस्या दूरभाष से करने का था उसे त्वरित कार्रवाई कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिये। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण करना पहली प्राथमिकता है। मौके पर पतरातू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मो हसीब अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, रामशरण गिरी, डॉ अशोक प्रसाद, प्रदीप साव कमलेश राम सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद थे।

# रामगढ़ की अन्नू नरवाल ने एशियाई युवा बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**खिलाड़ियों की अद्वितीय सफलता से हमें गर्व महसूस होता है: शशि पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला की होनहार खिलाड़ी बेटी अन्नू नरवाल ने एशियाई युवा बॉक्सिंग चैंपियनशिप कजाकिस्तान में कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। अन्नू नरवाल के पिता देवेंद्र सिंह हैं। अन्नू वर्तमान में जुबली कॉलेज भुरकुंडा की 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। अन्नू के उपलब्धि के पीछे उनके कोच बीबी मोहंती का अहम योगदान है। जिन्होंने उन्हें बॉक्सिंग के गुर सिखाये और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया।




### अन्नू ने कई राज्यों में पहले भी परचम लहराया

इससे पहले भी अन्नू ने भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित युवा राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। दिल्ली में आयोजित युवा राष्ट्रीय एसजीएफआई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। अन्नू की शानदार उपलब्धि पर उनकी सम्मान समारोह का आयोजन टेंपल ऑफ वॉरियर्स में किया गया। जहां उन्हें और अन्य उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

**इन्होंने किया सम्मानित:** मौके पर रामगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी, सचिव शशि पांडेय, कोच बी.बी. मोहंती, संजय सोनकर, सुमित कुमार, राहुल पांडेय, बिनय रंजन, बिपिन तिवारी, सार्थक पांडेय, रक्ष रानी, काश्वी मेहता, विजय मेहता, आदित्य सिन्हा, लाली कुमार सहित अन्य लोगों ने अन्नु को सम्मानित किया।

**खिलाड़ियों की अद्वितीय सफलता से हमें गर्व महसूस होता है:** रामगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव शशि पांडेय ने कहा कि बॉक्सिंग और कराटे जैसे खेलों में जिले के खिलाड़ियों की इस अद्वितीय सफलता से हमें गर्व महसूस होता है। खेलों ने न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ावा दिया है, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन के गुण भी विकसित किए हैं। इनकी सफलता यह दशार्ती है कि हमारे जिले के युवाओं में अपार प्रतिभा और क्षमता है। हमें इन खिलाड़ियों की हर संभव सहायता और मार्गदर्शन देना चाहिए, ताकि वे आगे भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

**अन्नू नरवाल की सफलता रामगढ़ जिले के लिए प्रेरणा है: बलजीत सिंह बेदी:** इस अवसर पर रामगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि अन्नू नरवाल और अन्य सभी खिलाड़ियों की सफलता रामगढ़ जिले के लिए एक प्रेरणा है। इनकी मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया है कि हमारे जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हम इन खिलाड़ियों को हर संभव सहायता और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि वे आगे भी इसी तरह जिले और देश का नाम रोशन करते रहें।

# चुंदरू-बड़की नदी में लापता टंडवा की किशोरी की लाश तीसरे दिन बरामद

**एनडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के चुंदरू-बड़की नदी के तेज धार में बहकर लापता हुई चट्टीगाड़ीलौंग गांव निवासी किशोरी बाला कुमारी का शव तीसरे दिन एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। एनडीआरएफ की टीम लगातार दुसरे दिन कड़ी मशक्कत करने के बाद घटना के तीसरे दिन सोमवार की दोपहर बड़की नदी से किशोरी के शव को बरामद कर लिया। शव को जैसे ही टीम ने नदी से बाहर निकाला वैसे ही परिजनों में चित्कार मच गयी। वही मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गयी। शव को निकाले जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। गौरतलब है कि बीते शनिवार को चट्टीगाड़ीलौंग की तीन किशोरियां जंगली खुखड़ी लाने के लिए जंगल गयी हुई थी। जहां से लौटने के क्रम में तीनों किशोरियां मिट्टी के धंस जाने के कारण नदी की तेज धार में बह गयी थी। जिसमें से दो किशोरियों अंशु कुमारी और छोटिया कुमारी ने नदी के किनारे पर स्थित झाड़ी को पकड़कर अपनी जान बचा ली थी, लेकिन बाला कुमारी इसी बीच तेज धार में बह गयी थी।



## शिवालयों में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**मांडू (आजाद सिपाही)। सावन माह की तीसरे सोमवारी को मांडू और इसके आस पास के क्षेत्रों के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने बोल बम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ क्षेत्र के मांडू डीह स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा), रामनगर, प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर, मांडू चट्टी शिव मंदिर, थाना परिसर, टकाहा, गरगाली, बीसमाइल, पुंडी, हेसागढ़ा समेत क्षेत्र के सभी शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। वहीं तीसरे सोमवारी के अवसर पर महिलाओं ने शिवालयों में विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया।**

## 35 दिव्यांगों के बीच बांटे गये उपकरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** लायंस क्लब ऑफ चतरा यूनाइटेड के सौ गंदौरी मंदिर कैंपस में मेगा कैंप लगाकर 35 जरूरतमंद दिव्यांग लोगों के बीच वैसाखी, कैलिपर, श्रवण यंत्र और स्टिक का मुफ्त वितरण किया गया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में लायंस क्लब के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लाल गुप्ता का अहम योगदान रहा। सहयोग करने में जितेंद्र जैन, सचिव माधवी गुप्ता, आशीष कुमार, अनू तांबी, मनोज कुमार और मनोज गुप्ता का योगदान रहा।

### सौंदा डी पंचायत कांग्रेस कोर कमेटी का हुआ गठन

# दर्जनों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार की शाम पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रवीर चटर्जी ने किया। बैठक में बतौर बतौर मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज मौजूद हुए। बैठक में पार्टी की मजबूती पर बल देते हुए जन समस्याओं को सूचीबद्ध करके निष्पादन करने की बात कही गयी। इस दौरान सौंदा डी पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का गठन किया गया। साथ ही पंचायत स्तरीय कमेटी और बुथ कमेटी का भी पुनर्गठन किया गया। इससे पूर्व अतिथियों को फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत के प्रबुद्धजनों के साथ आयोजित बैठक में पूर्व अनुशंसित योजनाओं की समीक्षा की गयी। गठित कमेटी में सर्वसम्मति से प्रवीर चटर्जी को अध्यक्ष, कौशल सिंह और भगवान को उपाध्यक्ष, सुरेश यादव को सचिव, राकेश पासवान को सह सचिव, राजकुमार रवि को कोषाध्यक्ष, सैफ अली को मीडिया प्रभारी, सबीरा खातून को महिला प्रभारी, अनिल सिंह को संरक्षक, जयंत तुरी को सह संरक्षक चूना गया। मौके पर प्रवीर चटर्जी ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद ने क्षेत्र के कई जटिल मुद्दों का निष्पादन कराया है। वर्षों से भुरकुंडा में फैली कूड़े कचरे से निजात दिलाने का कार्य किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, कोयलांचल विधायक प्रतिनिधि अमित साहु, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजय पांडेय, सुरेश यादव, शंकर पासवान, विजय सोनी, कौशल सिंह, रीना देवी, शकील अली, मीना देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थें।



# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने में इनरव्हील क्लब ने बढ़ाया हाथ

**अभियान को सफल बनाने में इनरव्हील क्लब देगी योगदानः पिंकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से इनरव्हील क्लब ने भी अपना हाथ बढ़ाया। सोमवार को श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में इनरव्हील क्लब की सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, स्कूल कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, पूर्व अध्यक्ष जसमीत कौर सोनी सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान क्लब के सदस्य होने का कक्षा नर्सरी से 12 तक के स्कूली बच्चों के बीच 150 से अधिक पौधों का वितरण किया। साथ ही स्कूल परिसर में कई फलदार और छायादार पौधे लगायें।



**स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक लगाये पौधेः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने कहा कि श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने में इनरव्हील क्लब हर संभव योगदान देगी। उन्होंने कहा कि वातावरण को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं, तभी जाकर स्वच्छ और सुंदर वातावरण की कल्पना कर सकते हैं। पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है।

**ये थे उपस्थितः** मौके पर क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, मीडिया प्रभारी प्रियंका जैन, गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह, मनबीर कौर, रंजू अरोड़ा, नमिता श्रॉफ, स्वीटी सोनी, नवल कौर, जसविंदर होरा, नीतू अग्रवाल, जसप्रीत कौर, नीति आदि उपस्थित थे।

## ट्रक-ट्रेलर-हाइवा ओनर एसोसिएशन कार्यालय का हुआ उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** डटमामोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर के पास ट्रक ट्रेलर हाइवा ऑनर एसोसिएशन कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात कार्यालय प्रवेश पर ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी। साथ ही, संगठन की मजबूती प्रदान करने को लेकर बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष संजय प्रसाद और संचालन सहसचिव शंकर प्रसाद ने की। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ऑनर एसोसिएशन का कार्यालय में बैठक कर हमे एक दूसरे को सहयोग की भावना के साथ वाहन मालिक की समस्याओं का हल निकालने का एक माध्यम है। बैठक के दौरान अध्यक्ष संजय प्रसाद, सचिव पारस महतो, संरक्षक महेंद्र प्रसाद साहू, सहसचिव शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यालय में प्रत्येक सदस्यों को अपने काम निपटारा के बाद उपस्थिति अनिवार्य रखें। साथ ही, सदस्यों के बीच अपनी समस्याओं का आपस में शेयर करते हुए हर संभव समाधान निकालने का प्रयास किया जाना चाहिए। जिससे हमारे संगठन की मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान सदस्यों ने क्षेत्र में चल रहे ओवरलोडिंग बंद करने की मांग को लेकर भी कई महत्वपूर्ण रणनीति तय की गयी। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने ओवरलोडिंग बंद करने की मुहिम में एक दूसरे को बढ़ चढ़कर सहयोग करने का वायदा किया। उद्घाटन कार्यालय के मौके पर अध्यक्ष संजयप्रसाद, सचिव पारस महतो, कोषध्यक्ष राजेशप्रसाद, संरक्षक महेंद्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष सुरेश साव, उपसंगठन मंत्री रूदन प्रसाद, सहसचिव विनोद प्रसाद, कार्तिक मंडल, बसंत प्रसाद, राकेश कुमार मेहता, अब्दुल रशीद, नवीन कुमार, खेदन प्रसाद साहू, महेश प्रसाद साहू, राजेश प्रसाद, राकेश प्रसाद, तालेश्वर प्रसाद, डब्बू सिंह, किशोर प्रसाद, मिठु प्रसाद, प्रेम कुमार, मिथिलेश प्रसाद, दीपू पाठक, विनोद प्रसाद समेत कई वाहन मालिक मौजूद रहे।

## मंइयां सम्मान पेंशन योजना का पोर्टल नहीं खुलने से महिलाएं परेशान



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के योजना मंइयां सम्मान पेंशन योजना के तहत सोमवार को कुंदा पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में योजना का ऑनलाइन पोर्टल नहीं खुलने की वजह से ऑपरेटर परेशान रहे, वही आवेदन फार्म भरने के लिए शिविर में काफी संख्या में आयीं। महिलाएं भी काफी परेशान रही लेकिन आवेदन भराये बिना ही घर लौट गयीं। योजना के शुरू होने से महिलाओं में एक आशा और उम्मीद जगी लेकिन ऑनलाइन फार्म सबमिट नहीं होने से निराश महिलाओं ने इस योजना को परेशान करने वाली योजना कहा। महिलाओं का कहना है कि खेती के समय में काम छोड़कर शिविर आये और दिन बेकार चला गया। की गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने नई योजना शुरू की है। मंइयां सम्मान योजना के अंतर्गत महिलाओं को बैंक खाते में सरकार हर महीने 1000 रुपया भेजेगी। महिलाओं ने सरकार से सिस्टम में सुधार करने की मांग की है।

## श्रीनिवास बने भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खूंटी केवाल खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय श्यामाकांत सिंह के पुत्र श्रीनिवास कुमार भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में गहरी मेहनत और कार्य करने के उपरांत अपना एक गहरी पैठ बना चुके हैं। उनके व्यक्तित्व और ईमानदारी को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने श्रीनिवास पर विश्वास जताते हुए भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया है। कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना दी है। बधाई देने वालों में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, युवा अध्यक्ष गुंजन कुमार सिंह, पिंटू गुप्ता, देवेंद्र साव, धनंजय सिंह, रामचंद्र साव, रवि गुप्ता, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, विनोद प्रजापति ,सुमित प्रजापति, अनूप सिंहा सहित सैकड़ों लोग शामिल है।

## ग्रामीणों ने जीएम लैंड खास पर कब्जा करने का लगाया आरोप, डीसी को दिया पत्र

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के हेमतपुर गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि मौजा बनतारा जीएम लैंड आम खाता संख्या 28 प्लॉट 146 रकवा 4 एकड़ 56 डिसमिल भूमि को अवैध तरीके से पुरना सिरका निवासी गोबिंद मुंडा और वनांचल कोंकास्ट प्राइवेट लिमिटेड के सहायक प्रबंधक बबलू खान, मणिलाल गोस्वामी गोला द्वारा कब्जा किया जा रहा है। ये सभी उक्त भूमि को समतलीकरण कर वनांचल कोंकास्ट प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने दिये आवेदन में आगे कहा है कि तिरला नाला में मौजा हरिबांध कुस्टे गढ़ा, बरवाडीह, हेमतपुर, तिरला का पानी बनतारा नाला होकर गोमती में मिलता है। इसी नाला से होकर ग्रामीण मवेशी चराने, पानी पिलाने, कपड़ा धोने सहित अन्य कार्य करते है। इसी जमीन में मौजूद दर्जनों पेड़ को भी काट दिया गया है। साथ ही मुनि तोपा समसान घाट भी है। तिरला और अन्य गांव के ग्रामीण अपना कार्य करते है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण सभागार में सोमवार को प्रारंभ हुआ। पहले बैच में करीब 50 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण राज्य से नामित मास्टर ट्रेनर एवं रिसोर्स पर्सन के द्वारा दिया गया। ट्रेनर ने नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को कुल नौ बातों में प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनरो ने बताया कि प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों को बैच बनाकर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे पूर्व प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर सेबेस्टियन सोरेन और रिसोर्स पर्सन के तौर पर देवाशीष देवेश मौजूद थे।

# ईरान-इस्राइल आमने-सामने

ईरान, हमास और हिजबुल्ला की इस्राइल से बदला लेने की घोषणाओं के बीच मध्य पूर्व टकराव के एक नये दौर के मुहाने पर खड़ा दिख रहा है। पहले हिजबुल्ला के मिलिटरी चीफ फुआद शुकर का लेबनान के बेरूत में इस्राइली कार्रवाई में मारा जाना और फिर हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया की तेहरान में हुई हत्या- इन दोनों घटनाओं ने अचानक इस क्षेत्र का तापमान काफी बढ़ा दिया है। आलम यह है कि कल तक शांति की जरूरत बता रही और इस दिशा में कोशिश कर रही शक्तियां भी फिलहाल संघर्ष के और तेज होने की आशंका के आगे लाचार दिख रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस जैसे तमाम देश अपने नागरिकों से तुरंत लेबनान छोड़ने की अपील कर रहे हैं। भारत ने भी अपने नागरिकों को लेबनान से दूर रहने और जो पहले से वहां हैं, उन्हें जल्द से जल्द वहां से निकलने को कहा है। इस्राइल में रह रहे भारतीयों से भी सतर्क रहने और प्रोटोकॉल्स का पालन करने को कहा गया है। ईरान की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि उसे जवाब देने का पूरा अधिकार है और वह इस अधिकार का इस्तेमाल निश्चित रूप से करेगा। दूसरी ओर इस्राइल भी हमले की आशंकाओं को लगभग स्वीकार करते हुए इसका सामना करने की तैयारियों में लग गया है। वहां नागरिकों को बताया जा रहा है कि हमला होने की स्थिति में किन-किन स्थानों को बम शेल्टर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही बन जाता है कि ईरान और उसके प्रॉक्सी संगठनों की तरफ से की जाने वाली कार्रवाई कितनी गंभीर होगी और इसके किस तरह के नतीजे सामने आएंगे। याद किया जा सकता है कि इसी साल अप्रैल में भी ईरान ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी, तब सीरिया के दमिश्क में इस्राइली कॉन्सुलेट पर हुई बमबारी का बदला लेने के लिए उसने इस्राइल पर 170 ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलें और 110 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी थीं। लेकिन इस कार्रवाई के बाद मामले को और बिगड़ने से बचा लिया गया था। क्या इस बार भी बात दोनों तरफ की सीमित और सांकेतिक कार्रवाई तक सीमित रहेगी? सभी पक्षों के मूड को देखते हुए फिलहाल इस उम्मीद में ज्यादा दम नजर नहीं आता, लेकिन यह बात भी सही है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे युद्धों के प्रत्यक्ष और परोक्ष नतीजों से जूझती दुनिया ईरान-इस्राइल के बीच एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। इसका भी कोई भरोसा नहीं है कि अगर ऐसा कोई युद्ध हुआ, तो वह दूर तक नहीं फैल जायेगा। ऐसे में जरूरी है कि कूटनीति के सभी संभव दांव आजमाते हुए इस तनाव को यथासंभव कम नुकसान की कीमत पर निकल जाने दिया जाये।

**याद किया जा सकता है कि इसी साल अप्रैल में भी ईरान ने इस्राइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की थी, तब सीरिया के दमिश्क में इस्राइली कॉन्सुलेट पर हुई बमबारी का बदला लेने के लिए उसने इस्राइल पर 170 ड्रोन, 30 क्रूज मिसाइलें और 110 बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़ी थीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं।**

# सतत हथकरघा पुनरुद्धार को बढ़ावा देना: मात्रा के बजाय गुणवत्ता



गिरिराज सिंह




हम 7 अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं।

**हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।**

मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नये स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें हैशटैग #MyProductMyPride के साथ सोशल मीडिया पर शेयर करने का भी आग्रह किया।

पिछले कुछ वर्षों में भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं। अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाये रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनायी एक विरासत वाली शिल्पकला है, जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है। पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा महिलाओं और हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेष कर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाये रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं, जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियां की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किये गये शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नयी तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बना कर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं, जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी।

एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नयी जान आती है तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला है, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके, कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है, बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं। इन मूल्य संवर्धन तकनीकों को हथकरघा वस्त्रों के साथ संयोजित करने से ऐसे उत्पाद तैयार होते हैं, जो पारंपरिक और समकालीन दोनों बाजारों को आकर्षित करते हैं। यह फ्यूजन न केवल सदियों पुराने शिल्प को संरक्षित और पुनर्जीवित करता है, बल्कि हस्तनिर्मित, पर्यावरण-अनुकूल वस्त्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सस्टेनबल फैशन को भी बढ़ावा देता है।

हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक इफिशएंट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गयी है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ़्टवेयर बुनकरों को बुनाई शुरू करने से पहले उन्हें जटिल पैटर्न और रंग संयोजनों के सुव्यवस्थित प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि त्रुटियों का जोखिम भी कम हो जाता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्राप्त होते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स वेबसाइटें बुनकरों को व्यापक बाजारों तक पहुंच प्रदान करती हैं, उन्हें सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ती हैं और बिचौलियों पर निर्भरता को कम करती हैं।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष, मैं आज सभी से दो प्रतिज्ञाएं लेने का आग्रह करता हूं; पहला, हम सभी हथकरघा उत्पादों के साथ सेल्फी लेंगे और उसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे; दूसरा, हथकरघा को अपने परिधानों एवं दैनिक जीवन में शामिल करेंगे। प्रत्येक हथकरघा वस्तु अद्वितीय है, जिसे सावधानी एवं बारीकी से बुना जाता है, जो इसके बनाने वाले के समर्पण के साथ-साथ उसके शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। हथकरघा उत्पादों का चयन करके हम न केवल पारंपरिक वस्त्रों की सुंदरता और विविधता को सम्मानित करते हैं, बल्कि कारीगरों की आजीविका में भी योगदान देते हैं, साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि उनका यह अमूल्य कौशल भावी पीढ़ियों तक पहुंच जाये।

हथकरघा उद्योग में गुणवत्ता, निरंतरता और तकनीक को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। नवीन सामग्रियों एवं प्रक्रियाओं को अपनाकर हथकरघा बुनाई को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकता है। हर किसी को क्षेत्रीय शिल्पकारों और पारंपरिक बुनाई समुदायों का समर्थन करना चाहिए और उनके कपड़ों की खरीदारी के प्रति जागरूक रहना चाहिए, जिससे इन्हें बनाने वाले लोग और यह क्षेत्र लाभान्वित होता है। हथकरघा वस्तुओं, निष्पक्ष व्यापार, रीजनल मैन्यूफेक्चरिंग, सस्टेनबिलिटी और शिल्प कौशल पर ध्यान देने से इस आंदोलन को बढ़ने में मदद मिलेगी और हथकरघा बुनकरों को उनका हक मिलेगा। हथकरघा उद्योग का समर्थन करके, हम न केवल एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता के लिए भी प्रयास करते करते हैं और साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के कई सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 2030 को भी प्राप्त करते हैं।

**(लेखक : केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# कोचिंग संस्थान डेथ चैंबर बन चुके हैं : सुप्रीम कोर्ट

### ये स्टूडेंट्स की जान को खतरे में डाल रहे

### केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राउ आइएएस कोचिंग के बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गयी थी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां की बेंच ने दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स को डेथ चैंबर बताया।

बेंच ने कहा कि हम कोचिंग सेटर्स की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कोचिंग सेंटर्स बच्चों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को नोटिस जारी कर पूछा कि कोचिंग सेंटर्स में क्या सेफ्टी के नियम लागू किये गये हैं?

कोर्ट ने कहा कि हमारा ये सोचना है कि अगर कोचिंग सेंटर सेफ्टी नॉर्म को पूरा नहीं करते तो इनको ऑनलाइन मोड में पढ़ाई शुरू कर देनी चाहिए। फिलहाल हम ये नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडी को नोटिस जारी कर सुरक्षा की जानकारी मांगी है।

बेंच ने दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती देने पर कोचिंग सेंटर फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर कोचिंग हादसे के बाद जिन कोचिंग सेंटर के पास फायर एनओसी नहीं है, उन्हें बंद करने का आदेश दिया था। कोचिंग फेडरेशन ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

# हिमाचल में भूस्खलन-बाढ़ के कारण 87 सड़कें बंद

### एमपी में सेल्फी लेने के दौरान दो डूबे

### गुजरात में 1 हजार लोगों का रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूरे देश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में 6,7 और 8 अगस्त को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण 87 सड़कों को बंद किया गया है। इसमें मनाली-लेह ठल-3 भी शामिल है। कांगड़ा, हमीरपुर और चंबा जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। बारिश से संबंधित घटनाओं में 79 लोगों की जान गई। राज्य को 663 करोड़ का नुकसान हुआ है।

इधर, मध्य प्रदेश में छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। बरगी, बाणसागर जैसे 10 बड़े बांधों के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। सागर के बीना में गौधाम जलाशय में सेल्फी लेने के दौरान दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। सतना में मकान ढहने से दिव्यांग युवक की जान चली गई।

वहीं, गुजरात में भारी बारिश के बाद नवसारी में औरंग और वलसाड में कावेरी-अंबिका नदियां उफान पर हैं। नवसारी में निचले इलाकों से एक हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया।

# बिहार की चर्चित आइपीएस काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**दरभंगा।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रिटायर होने के बाद राजनीति में आये और आज राज्य में मंत्री हैं। पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के ठीक पहले बिहार के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय ने सेवा रहते त्यागपत्र दे दिया था। वह राजनीति में आते-आते रह गये थे। अब बिहार विधानसभा चुनाव की आहट की राजनीतिक तैयारियों के बीच राज्य की चर्चित आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि कारण निजी-पारिवारिक बताया है। पुलिस मुख्यालय ने अभी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। वह पिछले दिनों पूर्व मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद बनायी गयी एसआइटी की प्रमुख भी रहीं और इस केस के खुलासे में अहम भूमिका निभाती हुई दिखी थीं।



### पहले ही प्रयास में यूपीएससी क्रेक किया था

पूर्व मंत्री एवं विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या के बाद भी आइपीएस काम्या मिश्रा का नाम चर्चा में था। उन्हें ही इस बड़े केस को सॉल्व करने की जिम्मेवारी मिली थी। उन्होंने जल्द ही इस केस को सॉल्व भी कर दिया। लेडी सिंघम के नाम से मशहूर काम्या मिश्रा मूल रूप से ओड़िशा की रहने वाली हैं। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 98 प्रतिशत अंक लाया था। इतना ही नहीं, उन्होंने पहले ही प्रयास में यूपीएससी क्रेक कर दिया। महज 22 साल की उम्र में वह आईपीएस अफसर बन गयीं।

### अवधेश सरोज दीक्षित से की शादी

दिल्ली विवि के श्रीराम कॉलेज से स्नातक के बाद पहले ही प्रयास में 2019 बैच की आइपीएस अधिकारी चुनी गयीं काम्या मिश्रा ने देशभर में 172वीं रैंक हासिल की थी। उन्हें हिमाचल प्रदेश कैडर मिला था, लेकिन फिर कैडर को बिहार करा लिया। 2021 में इन्होंने 2019 बैच के ही आइपीएस अधिकारी अवधेश सरोज दीक्षित से शादी कर ली।

# अगला टारगेट मुकेश अंबानी, एमपी में धमकीवाली पर्ची से हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सोमवार को अचलेश्वर महादेव की दान पेटी खोलने के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब दान पेटी में मुकेश धीरूभाई अंबानी को धमकी दी गई। जब दान की रकम की गिनती की गई तो एक स्टांप पर लिख हुआ था कि मेरा अगला टार्गेट मुकेश धीरूबाई अंबानी। स्टांप पर पता भी लिखा हुआ है, जिसमें मनोज शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा निवासी बालाजी विहार गुढ़ी गुढ़ा का नाका, कंपू ग्वालियर लिखा हुआ है।

स्टांप निकलने के बाद मंदिर प्रबंधन ने इसे पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह स्टांप तब निकला जब अचलेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटियों में आये दान की रकम की गिनती की जा रही थी दान-पात्र में भगवान अचलनाथ के भक्तों की अर्जी के पत्र निकले हैं। एक भक्त ने लिखा है कि मुझे तीन हजार रुपये की आवश्यकता है। मैं यह रुपये हार गया हूं, मेरी व्यवस्था कर दो। इसके अलावा घर परिवार की समस्या से जुड़े पत्र है। एक पत्र में युवती के नाम का भी निकला है।




अचलेश्वर संचालन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय एनके मोदी के निर्देशन पर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मंदिर में लगे चौदह दानपात्रों के ताले खोले गये। गिनती के लिए पहले नोटों को छांटकर उनकी गड्डियां बनायीं गयीं। उसके बाद नोटों की गिनती की गयी। मंदिर के प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस माह चढ़ौत्री के रूप में छह लाख 53 हजार 450 रुपये की राशि निकली है। मुकेश अंबानी को धमकी वाली पर्ची को निकाल कर उसकी जानकारी पुलिस को दी गयी है।

मुकेश अंबानी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक हैं। भारत में भी मुकेश अंबानी सबसे अमीर शख्सियतों में गिने जाते हैं। यही कारण है कि सोमवार को जब उनको धमकी देने वाला पत्र मंदिर के दानपात्र में मिला, तो हड़कंप मच गया। इस हड़कंप के बाद अब पुलिस ऐक्शन में आयी है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की भी तलाश की जा रही है।

# ब्रिटेन में हिंसक प्रदर्शन, 150 से ज्यादा घायल

### प्रवासियों का होटल फूंकने की कोशिश

### स्टार्मर बोले- हिंसा में शामिल लोगों को पछताना होगा

एजेंसी

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के साउथपोर्ट शहर में एक सप्ताह पहले चाकू हमले में 3 बच्चियों की मौत हो गयी थी। इसके बाद शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। 17 शहरों में आगजनी और पुलिस से झड़प की खबरें हैं। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर है। दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों ने उत्तरी इंग्लैंड के रॉदरहैम शहर में शरणार्थियों के लिए बने होटल में तोड़फोड़ की। रॉदरहैम शहर में प्रदर्शनकारियों ने हॉलीडे इन एक्सप्रेस नामक एक होटल को निशाना बनाया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए बोतलें फेंक कर कई खिड़कियों के शीशे तोड़ दिये। इस होटल में 500 शरणार्थी रह रहे हैं। हालात को देखते हुए सरकार ने अब कार्रवाई के लिए पुलिस को फ्री हैंड दे दिया है। पुलिस ने इंग्लैंड और उत्तरी आयरलैंड में 150 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में इमरजेंसी मीटिंग बुलायी गयी है। इस बीच एक वीडियो मैसेज में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन के नाम पर संगठित हिंसा की जा रही है।

## 13वीं सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 और 14 को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में 13वीं झारखंड राज्य ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 13 से 14 अगस्त 2024 तक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स चंदनकेयारी बोकारो में किया गया है। इस प्रतियोगिता में किसी भी संस्था या क्लब के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिनकी जन्मतिथि 10 अगस्त 2024 तक 18 वर्ष से ऊपर होनी चाहिए। कोई भी प्रतिभागी किसी भी दो इवेंट में भाग ले सकता है। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए 400 रुपया पार्टिसिपेशन शुल्क के रूप में प्रतियोगिता स्थल पर जमा करना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी यूआईडी नंबर अनिवार्य है बिना यूआईडी के प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते है।

# सोन नदी का जलस्तर बढ़ा, 40 लोगों का रेस्क्यू

**गढ़वा और पलामू जिला प्रशासन ने सोन के तटीय इलाकों में लोगों से सतर्क रहने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के लोहडगड़ा पंचायत, कांडी प्रखंड सहित बिहार राज्य के रोहतास जिला के लगभग 40 लोग सोन नदी में अचानक आये बाढ़ में फंसे हुए थे। उक्त ग्रामीण टापुनुमा स्थान पर रहकर खेतीबाड़ी का काम करते थे। सोन नदी में फसने की सुचना पर जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया। विदित है कि रविवार से हो रहे झमाझम बारिश की बूंदों ने बरसना तो बंद कर दिया, लेकिन शनिवार तक हुई तेज बारिश की वजह से नदिया उफान पर है। गढ़वा ज़िला की उतरी भाग से होकर बहने वाली दो सोन का रिहंद डैम की फाटक खुलने और मूसलाधार बारिश से जलस्तर बढ़ा हुआ था। इसे लेकर आपदा विभाग ने नदियों के पास जानें से चेतावनी भी दे दी है। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सहित बंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी एवं केतार बीडीओ विकास कुमार रात्रि में ही मौजूदा स्थिती का जायजा लेने पहुंचे। गढ़वा जिला प्रशासन ने पूरे मामले में एनडीआरएफ से संपर्क किया और बिहार के रोहतास जिला के प्रशासन से भी संपर्क किया गया। जिसके बाद एनडीआरएफ ने रोहतास इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सोन नदी के डीला पर फंसे 40 से ज्यादा ग्रामीणों को बाहर निकाला। रेस्क्यू टीम के साथ रोहतास के एसडीएम बंदना कुमारी भी सोन नदी में उतरी।

सोन नदी में आये बाढ़ में प्रखंड क्षेत्र के लोहरगड़ा और मेरौनी गांव के लोग फंस गये। स्थानीय ग्रामीण कमलेश के अनुसार जहां ग्रामीण फंसे थे, वहां पानी लगभग घुटनों तक पहुंच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। सभी को एनडीआरएफ की टीम द्वारा आज सुबह करीब 8:00 बजे बाहर निकल गया है। इस घटना में किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है।

# रामलला मंदिर में मानस मंडली का 501वां मानस सप्ताह समागम आज

**मंडली की ओर से गाजे-बाजे के साथ निकाली जायेगी विराट नगर प्रबोध भ्रमण सह शोभा यात्रा : द्वारिका नाथ पांडे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मानस मंडली द्वारा 500 वां मानस सप्ताह का विराट आयोजन के बाद 501 वां मानस सप्ताह समागम का आयोजन 6 अगस्त को गढ़वा के स्टेशन रोड स्थित रामलाल मंदिर में किया जायेगा। मंडली के संयोजक द्वारिका नाथ पांडे ने बताया कि मानस मंडली के कोर कमिटी की बैठक में 501वां मानस सप्ताह समागम धूमधाम से मनाने की रूप रेखा तैयार की गयी है। जिसमें साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ के पूर्व संध्याकाल पांच बजे रंका मोड़ गढ़वा के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर से विराट नगर प्रबोध भ्रमण सह शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें अयोध्या के यज्ञ मंडपम में सम्मिलित 261 मानस विभूतियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल होंगे। ध्वज पताका, ध्वनि विस्तारक यंत्रम, शंख, भेरी मृदंग, घरीघंट, भांगड़ा और पारम्परिक वाद्ययंत्र के साथ मानस परिधान में शामिल लोग शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभा यात्रा गढ़देवी मंदिर, बिहारी मंदिर, रंगनाथ मंदिर, शिवाला होते हुए श्री राम लला के दरबार पहुंचेगी, जहां 200 से अधिक महान हस्तियों के द्वारा मानस विभुतियों पर पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया जायेगा।

# समस्त आर्थिक गतिविधियों में ओबीसी को 52% हिस्सा चाहिए : ओबीसी मंच

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** कांडी प्रखंड के चटनियां पंचायत में ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ पहुंचा। जहां नुक्कड़ सभा का आयोजित किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सदस्य अमर प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के समस्त आर्थिक गतिविधियों तथा सेना के उच्च पदों, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति, सड़क भवन निर्माण के ठेकों में, सप्लाई, डीलरशिप, आउटसोर्सिंग- परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद आदि में जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी चाहिए साथ ही बताया कि आज की स्थिति में ओबीसी समाज की हकदारी हर क्षेत्र में जरूरी है, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो खेल का क्षेत्र हो ओबीसी के लोग हर जगह आगे आये और बढ़ चढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लें। ओबीसी को बिहार में 30% आरक्षण है, लेकिन झारखंड में मात्र 14 % आरक्षण है हमें झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए। राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण आबादी के अनुपात में 10 प्रतिशत और 26 प्रतिशत है। वहीं (एहर) अगड़ी जाति को भी आरक्षण अपनी आबादी से ज्यादा 10 प्रतिशत दिया गया है। ऐसे में झारखंड में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है, मगर इन्हें आरक्षण मात्र 14 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। जो इस समाज के साथ सरासर अन्याय है। मौके पर अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वच्छ और त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण सभी की प्राथमिकता: आयुक्त

**सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा सोमवार को गढ़वा पहुंचे। उन्होंने गढ़वा समाहरणालय सभागार में जिले के गढ़वा और भवनाथपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर द्वितीय मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए अभी से सामूहिक प्रयास आवश्यक है। बैठक उपरांत प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक श्री बाल किशुन मुंडा गढ़वा के मतदान केंद्र संख्या 117 के वार्ड नंबर-9 के दीपुआ मुहल्ला पहुंचकर बीएलओ से मिले और उनसे पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। साथ ही घर-घर भ्रमण कर कार्य का सत्यापन किया। घरों पर बीएलओ द्वारा चिपकाये गये स्टीकर का भी अवलोकन किया। मौके पर गढ़वा उपायुक्त -सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा सहित कई पदाधिकारी थे।

## युवक-युवती को रोक कर दो अपराधियों ने मोबाइल और डेढ़ हजार नगद लूटा

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के पास एक युवक और युवती को रोक कर दो अपराधियों ने एक मोबाईल और नगद पंद्रह सौ रुपये लूट की घटना का भवनाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद त्वरित जांच पड़ताल में जुट गयी है।


**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**Gmail - sport.chatra@gmail.com**

**Notice Inviting**
**Expression of Interest (EoI)**
**Selection of Agency for "Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra District"**

**Ref No. 325/Sports** **Date 05.08.2024**

Office of District Sports Office, Chatra, Govt. of Jharkhand intends to Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the bidding process. The details are as follows:-

| S.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra |
| b. | Availability of EoI document | Digital Copy from Gem Portal |
| c. | Last date & time for submission of Hard copies of the bid along with Sample. | Date - 17-08-2024 & Time - 05:00 pm |
| d. | Technical Proposal Opening Date | Date - 22-08-2024 & Time - 12:00 am |
| e. | EMD Details. | EMD – Rs.5,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable. DD will be in favor of "District Sports Officer, Chatra" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Chatra MSME of Jharkhand is exempted of EMD fee. |
| f. | Address at which the tenders are to be submitted and opening of proposal | District Sports Office, 2nd floor, Collectorate Chatra, Jharkhand |
| g. | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other moderate submission of bids will be rejected. |

**Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: -https://chatra.nic.in/**

**District Sports Officer, Chatra**

PR.NO.331919 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25):D


## लाभुक परेशान, नहीं हो रहा मंइयां योजना का पंजीकरण

बड़ागढ़(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आयोजित विशेष कैंप में लाभुकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार की महत्वाकांछी योजना का लाभ पाने के लिए महिला लाभुकों की कैंप में हुजूम उमड़ रही है, परंतु योजना से संबंधित पोर्टल पर लाभुकों का ऑनलाइन बायोमेट्रिक आवेदन अप्लाई नहीं हो पा रहा है। इस कारण लाभुको में निराशा देखी जा रही है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने का कहा कि योजना के पोर्टल में तकनीकी कारणों से सर्वर डाउन के कारण लाभुकों का योजना से संबंधित ऑन लाइन पंजी करण होने में कठिनाई हो रही है। सर्वर ठीक होते ही सभी योग्य लाभुकों का पंजी करण होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजना के पंजी करण हेतु जारी 10 अगस्त की तिथि को और आगे बढ़ाते हुए 13 अगस्त तक विशेष कैंप की तिथि निर्धारित की गयी है, उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के बाद भी मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ योग्य लाभुकों को दिलाने के लिए पंजी करण जारी रहेगा। इसके लिए लाभुक सरकार द्वारा जारी निर्देश के तहत प्रज्ञा केंद्र से भी लाभुक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इस पर जल्द सरकार का दिशा निर्देश मिलने की संभावना है।

## सरुअत हिल्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन का हुआ गठन, रविरंजन बने अध्यक्ष

बड़ागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय इस्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में सरुअत हिल्स स्पोर्टश एसोसियेशन की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसियेशन के संस्थापक शह राज्य के खाद्य और आपूर्ति विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की ने की। बैठक में एसोसियेशन के अध्यक्ष रूप में रविरंजन तिर्की का चयन किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष अजय कुमार मिंज सचिव विनोद कुमार गुप्ता उपसचिव मुकेश लकड़ा कोषाध्यक अर्जुन मिंज उप कोषाध्यक्ष अमानत अंसारी का चयन पदाधिकारी के रूप में चयन किया गया। वहीं कार्यकारी सदस्य के रूप में संदीप गुप्ता, द्रोपदी मिंज, सूर्यदेव बखला, संदीप मिंज, नूरुल हक, अमला प्रतिमा तिर्की, अनुपा तिर्की , सुपीन केरकेट्टा, पीटर तिर्की का चयन किया गया। कार्यकारणी समिति के गठन के पश्चात एसोसियेशन पश्चात सरुअत हिल्स सोर्ट्स एसोसियेशन के तत्वधान में अगले माह आयोजित किये जाने वाले अनुमंडल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता की रूप रेखा तैयार की गयी तथा एसोसियेशन के सदस्यों को जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए दायित्व सौंपी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से एसोसियेशन की संरक्षिका एमाकुलता लकड़ा उपस्थित थी।

## सर्वर डाउन, कंप्यूटर ऑपरेटर परेशान

भवनाथपुर। प्रखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में लाभुकों का ऑन लाईन आवेदन करने में इंटरनेट का सर्वर डाउन होने से इस कार्य में लगे कंप्यूटर ऑपरेटरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन देने के लिए महिलाओं की भीड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत सचिवालय पर उमड़ रही है। जानते चले कि प्रखंड के 9 पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ऑन लाईन इंट्री के लिए कुल 6155 आवेदन पड़े है, जिसमें दो दिनों के अंदर मात्र 13 आवेदनों का ही ऑन लाईन निष्पादन हो सका है। जानते चले कि इंटरनेट सुविधा की कमी व ऑनलाइन पोर्टल के सर्वर डाउन होने के कारण 4 अगस्त को मात्र सात आवेदन का ही ऑनलाइन इंट्री व निष्पादन हो सका। बीडीओ नंदजी राम ने लाभुक युवती व महिलाओं से धैर्य बनाने की अपील करते हुये कहा है कि तकनीकी कारणों से ऑनलाईन फार्म भरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिविर में छूटे लाभुक शिविर के बाद भी फॉर्म भर सकते हैं। उन्होंने लाभ दिलाने के नाम पर बिचौलियों से सावधान रहने और किसी को पैसा नहीं देने की अपील की है।

# अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र में हेंहो मोड़ के समीप अप्सरा लाइट होम डेकोरेट का शुभारंभ पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, भोजपुर गढ़वा प्रमुख और झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां लोगों को लाइट दूसरे शहरों से लेने नहीं जाना पड़ेगा झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि अप्सरा लाइट होम डेकोरेट खुल जाने से यहां के लोगों को घर के होम डेकोरेट के लिये अब रांची और वाराणसी जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा, अब सभी तरह के लाइट और घर के होम डेकोरेट के लिये अन्य सामग्री अप्सरा होम डेकोरेट में उपलब्ध है। बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि अप्सरा होम डेकोरेट खुल जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगा। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, बिरेंद्र कमलापुरी, इंदल सिंह, बंगाली, पप्पू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग घटनाओं में महिला और तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। दो अलग घटनाओं में एक महिला और एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मृत्यु हो गयी। पहली घटना रविवार की है, जिसमें भवनाथपुर ढेकुलीय निवासी प्रदीप बैठा के तीन वर्षीय पुत्री को बिच्छु ने काट लिया, जिसे भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया था, परंतु पीड़ित के द्वारा गढ़वा जाने के बजाय कोन यूपी झाड़ फूंक के लिए ले जाया गया, जहां झाड़ फूंक के दौरान पलवी की मृत्यु हो गयी। जबकि दूसरी घटना सोमवार की है, जिसमें केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी विनय यादव की 30 वर्षीय पत्नी बासमती देवी को कोबरा सांप ने डंस लिया। उसे इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी में ईलाज के लिए लाया गया, जहां बासमती को चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, परंतु मरीज को विलंब से आने के कारण मृत्यु हो गयी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/05/2024-25 E-tender**

**1. कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड में जोन्हा मुसंगू मुख्य पथ से डव टोला के बीच पुलिया निर्माण। | 330.848 | 6,61,700 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9122180770
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR.NO.331905 Rural Development(24-25):D


# एसआइएस में अधिकारी सेवा की परीक्षा के लिए युवाओं का आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** एशिया महाद्वीप की विश्व स्तरीय एसआईएस ग्रुप के द्वारा आज 6 अगस्त और 14 अगस्त को 2024 को झारखंड के सभी जिलों के स्नातक युवाओं के लिए लिखित परीक्षा के लिए सुरक्षा अधिकारी कैडर के पदों पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं । इसकी जानकारी ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा झारखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में कराई जायेगी। जिसमें 1250 युवाओं को चयन करके स्थाई अधिकारी सेवा की नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

**क्या मिलेगा वेतन और क्या क्या मिलेगी सुविधाएं :** सिमेंडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुऐ बताया कि युवाओं को शुरूआत में सालाना तीन लाख 50 हजार का पैकेज दिया जायेगा जो प्रशिक्षण के दौरान ही प्रारंभिक दिन से ही मिलना शुरू हो जायेगा। इनकी तैनाती जहां पर होगी राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता, सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन पीएफ, ग्रेच्युटी ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, बोनस, मेडिक्लेम, दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, एंप्लॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता, रियायती आवास व रियायती मेस की सुविधा दी जाती है।

**कहां कहां होगी आधिकारी सेवा की पदस्थापना :** एसआईएस के मुख्य कार्य स्थल ,लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, स्टेट बैंक एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, भारतीय पुरातत्व विभाग के स्मारक, एयरपोर्ट, टोल टैक्स, टाटा, बिरला, जिंदल एम्स, मेट्रो , होटल, आई सैक्टर, कॉरपोरेट सैक्टर एयरपोर्ट, जेएसडब्ल्यू प्लांट इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जायेगी

**आधिकारी सेवा में नियुक्ति के लिए क्या क्या मापदंड होंगे :** भर्ती से संबंधित जानकारी देते हुए एसआईएस के ग्रुप कमांडर रमेश कुमार जसवाल ने बताया है कि सुरक्षा अधिकारी कैडर (आधिकारी सेवा) में नियुक्ति होने के लिए उम्मीदवार का ग्रैजुएट पास और 167.5 सेंटीमीटर हाइट और 21 वर्ष से 40 वर्ष उम्र और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए एसआईएस की आधिकारिक वेबसाइट www.sisindia.com से भी फार्म ऑनलाईन ले सकते है। या इस मोबाइल नंबर 7903742868 , 8219591494 पर संपर्क करें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/04/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के जयनगर प्रखण्ड अन्तर्गत जयनगर के सुगासाख ग्राम में बराकर नदी पर पुल निर्माण। | 9,08,71,800.00 | 18,17,500.00 | 10000.00 | 24 माह |
| 2 | कोडरमा जिला के चन्दवारा प्रखण्ड अन्तर्गत चन्दवारा के गबनपुर गरायडीह पथ के बीच दूधी नदी पर पुल निर्माण। | 3,01,35,500.00 | 6,02,710.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 3 | कोडरमा जिला के सतगॉवा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोठियार ग्राम– हदहदवा के बलचोटवा नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 4,70,35,500.00 | 9,40,800.00 | 10000.00 | 18 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –14.08.2024.
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.08.2024.से दिनांक 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0 – 7903003903 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 331849 (Rural Work Department)24-25*D

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक गंभीर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमु पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर मे दो लोग हुए घायल एक की हालत गंभीर। वहीं घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर विवेकानंद ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू एएनएम व बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल सफरूद्दीन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए एमएम सीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सफरुद्दीन अंसारी अपने रिश्तेदार के घर से वापस छपरदगा पथरा पलामू के लिए लौट रहे थे। तभी डालटेनगंज की ओर से आ रहे हैं बाइक सवार दुरूप निवासी अंतु तेलरा और उनके बीच आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।

# बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही राज्य सरकार की सोच : डॉ रामेश्वर उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**लोहरदगा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'उन्नति का पहिया' कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के मिडिल स्कूल खेल मैदान में सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार में विकास की गंगा बह रही है। लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। बच्चे मन लगाकर पढ़ें, यही झारखंड सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आयेगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित होंगे। वहीं छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संबोधन के दौरान मंत्री ने कहा कि बच्चों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना आदि झारखंड सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। आप छात्र इन सब योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही वर्तमान में 21 से 50 वर्ष ऊपर सभी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत हर माह 1000 रूपया के तहत सालाना 12 हजार देने का काम करेगी। हमारी सरकार जिसका लाभ आप सभी महिलाएं ले सकते है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड अंचल अधिकारी, 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, प्रमुख सुमित्रा भगत, उप प्रमुख गीता देवी, मुखिया मीना देवी, नुसरत अंसारी, साकिर हुसैन, राजेंद्र यादव, कबीर अंसारी, नसीम अंसारी, रौनक इकबाल इकबाल, जफर इमाम, सेराज समेत अन्य मौजूद थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक झारनेट सभागार में हुई। बैठक में जुलाई माह तक सड़क दुर्घटना में मृत, गंभीर रूप से घायल और हल्के रूप से घायलों की संख्या पर चर्चा की गई। ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, ड्रंक एण्ड ड्राइव को लेकर लगातार थाना स्तर से हेल्मेट जांच अभियान चलाये जाने, हिट एण्ड रन में लंबित दस्तावेज को प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने, राष्ट्रीय उच्च पथ को गड्ढों को भरे जाने, विभिन्न स्थानों पर रंबल स्टिप लगाये जाने, पथ प्रमण्डल द्वारा विभिन्न पथों के समतलीकरण, शिक्षा विभाग द्वारा यातायात नियमों का सभी विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाये जाने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुड सैमेरिटन के लिए व्यक्तियों को नामित किये जाने समेत अन्य विभागों को दिये गये अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी व नामित सदस्य उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में लोहरदगा की बेटियों का रहा दबदबा




**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रांची के धुर्वा सेक्टर 4 स्थित वाइबीएन पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 'झारखंड स्टेट कैडेट एवं जूनियर जुडो चंपियनशिप' प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का एक बार फिर दबदबा कायम रहा। चार कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाने में सफल हुए हैं। इस प्रतियोगिता में एक खास बात यह रही कि सभी पदक जिले की बेटियों की झोली में आये हैं। जिस्में कुडू प्रखण्ड की गायत्री कुमारी ने 62 किलो भार वर्ग, आरती 48 किलो भार वर्ग, तृषा 44 किलो भार वर्ग एवं सेन्हा प्रखण्ड की अंजली ने 52 किलो भार वर्ग में पदक जीते है। कोच अमित सिंह के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में जिले के आठ खिलाड़ी शामिल हुए थे। गौर तलब है कि देश विदेश में आयोजित कराटे, गतका, साइकलिंग में भी जिले के खिलाड़ी नाम रौशन कर चुके हैं।

## सावन की तीसरी सोमवारी को रही भक्तों की भीड़



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** सावन की तीसरी सोमवारी को प्रखंड मे शिव भक्तों का सैलाब शिव मंदिरों में उमड़ा। सुबह 5 बजे से ही बोल बम के नारे से वातावरण गुंजायमान हुआ। बोल बम का नारा लगाते हुए शिव भक्त शिव मंदिरों की ओर प्रस्थान करने लगे। इस मौके पर शिव मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसके साथ ही धार्मिक गाने बजाए जा रहे थे। अखिलेश्वर धाम शिव मंदिर में विशेष सजावट की गयी थी। इसके साथ ही ध्वनि विस्तार की यंत्र से शिव भक्ति की गाना बजाया जा रहा था। सुबह 5 बजे से ही भौरो स्थित शिव मंदिर मसमानो स्थित बुढ़वा महादेव शिव मंदिर चट्टी में स्थित महादानी शिव मंदिर के साथ अन्य शिवालयों में भी शिव मंदिरों में भक्तों की कतार लग गयी थी। अखिलेश्वर धाम मंदिर परिसर में दिन के 12 बजे तक लंबी कतार लगी रही। शाम 4 बजे तक भीड़ कुछ कम हुई। मौके पर अखिलेश्वर धाम परिसर में मेला सदृश्य बना हुआ था। इस मौके पर योगी सेना के द्वारा भंडारा का आयोजन अखिलेश्वर धाम परिसर में किया गया। इस मौके पर विवेक यादव, श्रीकांत गुप्ता, भास्कर यादव,रोशन गुप्ता,अंकित कुमार, सन्याल यादव, अमर साहू, आनंद सिंह,राजेश भगत,मनीष यादव, रिशव साहू, विशाल सोनी सहित अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सोशल ऑडिट की रिपोर्ट ज्यूरी के सामने पेश

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाईल्ड हेल्पलाईन, होप बालिका गृह, समर्पण बालक गृह, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण का सामाजिक अंकेक्षण यूनिट के द्वारा अलग-अलग तिथियों को किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त निष्कर्ष को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता वाली ज्यूरी पैनल के समक्ष रखा गया। बैठक में होप बालिका गृह, समर्पण बालक गृह, विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण, चाईल्ड हेल्पलाईन, सीडब्ल्यूसी, जिला बाल संरक्षण ईकाई समेत संबंधितों को प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विभिन्न बिंदुओं पर निदेश दिये गये और उनका अनुपालन तय समय के अंदर किये जाने का निदेश दिया गया। सोशल ऑडिट टीम की ओर से सरस्वती देवी के द्वारा निष्कर्षों को प्रस्तुत किया गया। जनसुनवाई में ज्यूरी पैनल में डालसा सचिव राजेश कुमार, प्रशासक नगर परिषद के अलावा जनसुनवाई में नोडल विशेष किशोर पुलिस ईकाई-सह-डीएसपी समीर तिर्की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लातेहार खेल स्टेडियम में मनेगा स्वतंत्रता दिवस : डीसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2024 की तैयारियों के संबंध में रूपरेखा तैयार की गयी। उक्त बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास एवं ध्वजारोहण के दौरान बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारी पूरी तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर शहर के सभी चौक-चैराहों एवं सभी प्रतिमा, मूर्तियों की साफ-सफाई आदि कार्य का निस्पादन 14 अगस्त से पूर्व सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को दिया।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की प्रगति की समीक्षा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रगति की समीक्षा हेतु सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता हेतु बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों और नगर परिषद क्षेत्र में दिनांक 03 अगस्त 2024 से लेकर अब तक प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी और उन आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री ससमय कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। स्टॉल में ऑनलाईन इंट्री हेतु प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर्स की उपस्थिति पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा प्रमोद कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व सीएससी मैनेजर उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का सर्वर तीसरे दिन भी डाउन, निराश लौटीं महिलाएं

**रवि कुमार गुप्ता**



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की बहनों की दयनीय आर्थिक दशा में सुधार हेतु मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना बरवाडीह में उल्लास पूर्ण वातावरण में 3 अगस्त शनिवार को समय पर प्रारंभ हुआ।प्रखंड मुख्यालय बरवाडीह स्थित पंचायत सचिवालय में बड़ी संख्या में बहने पंक्तिबद्ध अपनी बारी की प्रतीक्षा में रही परंतु तीसरे दिन भी सर्वर डाउन होने से आवेदनो को ऑनलाइन नहीं किया जा सका। प्रखंड के कुल 16 पंचायत में अब 12 आवेदन हो सके है। वहीं दूसरी और काम नहीं होने से बहने निराश लौट गयी। 5 अगस्त को ड्यूटी पर तैनात मोरवाई, केचकी, चुंगरु, केड, छिपादोहर, छेचा समेत अन्य पंचायतों के पंचायत सचिवों ने बताया की काम नहीं होने से बहने लौट गयी। ग्रामीण महिलाओं से इस संदर्भ में पूछने पर बड़ी संख्या में बहनों ने हर्षोल्लास के साथ कहा कि हमें जानकारी मिली मेरा फॉर्म भी भर गया है। लेकिन पंचायत में बहुत देर रहने के बाद भी ऑनलाइन नहीं होने से लौटना पड़ रहा है। बहनों ने बड़े ही प्रसन्न मुद्रा में कहा कि आसहाय व गरीबों के लिए सरकार की यह योजना बहुत लाभकारी है। वहीं कई बहनों ने कहा कि समय कम है और दो दिनों से कहा जा रहा है। सर्वर डाउन है सरकार को और अधिक समय देना चाहिए। जिससे सभी पात्रता रखने वाली योजना से लाभान्वित हो सके।

# शिव पार्वती झांकी के साथ निकली कांवर यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**लोहरदगा।** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने देवाकी बाबाधाम के लिए रवाना हुए। कांवर यात्रा की शुरूआत मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से हुई। शिवभक्तो की टोली बरवाटोली से निकलकर महावीर चौक, गुदरी बाजार, राणा चौक, मिशन चौक होते हुए देवाकी के लिए प्रस्थान किया। फूलो से सजी पालकी में भगवान शिव की प्रतिमा को लेकर शिवभक्त पैदल नंगे पैर देवाकी पहुंचे। पालकी के पीछे पीछे शिवभक्तों की टोली भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते हुए देवाकी पहुचे। लगभग 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण किया। वही भगवान शिव, माता पार्वती, हनुमानजी, नंदी महाराज, शिवगण समेत अन्य की सजीव झांकी सजाई गयी थी। कांवर यात्रा का उद्घाटन उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, गौरव आरपी अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, सूरज सिंह, शैलेश अग्रवाल, स्नेहिल गोयल, राजेश अग्रवाल, अभय अग्रवाल, राजीव रंजन, अजातशत्रु, शुभम मित्तल अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत साफा पहनाकर किया गया। सभी अतिथियों ने गंगा जल लेकर मंदिर परिसर में विराजमान भगवान शिव पर जलाभिषेक करने के बाद मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए। सुल्तानगंज से लाये गए गंगाजल को भक्तो के बीच बांटा गया। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कांवरियों को शुभकामनाएं दिया। कहा कि हम ईश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर सबकी मनोकामना पूरी करें। जिला भी प्रगति की राह पर आगे बढ़े। बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग पवित्र यात्रा में जा रहे हैं। उन्होंने सभी कांवर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद यात्रा की कामना किया। सबकी प्रगति हो यही मेरी ईश्वर से कामना है। इधर कांवर यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मुश्तैद रही।

## जमशेदपुर की खबरें

### जलाभिषेक यात्रा में गूंजे बोल बम के जयकारे

# शिवभक्तों संग राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे सूर्यधाम, भोलेनाथ को किया जलाभिषेक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को सिदगोड़ा सूर्यधाम के लिए जलाभिषेक यात्रा धूमधाम व भक्तिभाव से निकाला गया। सोमवार को जलाभिषेक यात्रा में हजारों भक्तों संग पूर्व सीएम व ओड़िशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास शामिल रहे। बारीडीह भोजपुर कॉलोनी छठ घाट से जलाभिषेक यात्रा में मंदिर समिति के सदस्यों संग 21 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुल्तानगंज के पवित्र गंगाजल लेकर भक्तिमय संगीत, मनोरम झांकी, बैंड-बाजा और पुष्पवर्षा के बीच पैदल यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय पहुंचे। जहा जलाभिषेक कर आशीष प्राप्त किया। राज्यपाल रघुवर दास ने कई किलोमीटर पैदल नंगे पाव यात्रा कर सूर्यधाम शिवालय में बाबा भोलेनाथ को जलार्पण किया। मौके पर उन्होंने जमशेदपुर समेत संपूर्ण झारखंड व ओड़िशा वासियों के लिए सुख-समृद्धि, उन्नति व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व हरि मंदिर मैदान में 11 सदस्यीय पंडितों के समूह द्वारा पवित्र गंगाजल के जलाभिषेक का संकल्प कराया गया। मौके पर महिलाओं ने गेरुवा वस्त्र व पुरुषों ने गेरुवा गमछा के साथ हाथों में केसरिया ध्वज लेकर यात्रा की शोभा बढ़ायी।

मौके पर सूर्य मंदिर के संस्थापक पूर्व सीएम सह ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवारी पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने लौहनगरी की जनता के साथ देवी स्वरूपा नारी शक्ति के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा सूर्यधाम के जलाभिषेक यात्रा में आध्यात्म, भक्ति और एकता का विहंगम दृश्य देखने को मिला।

### एसटी आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा से मिले मनोज सरदार

# जहेरथान और श्मशान भूमि की रक्षा की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** उपायुक्त कार्यालय जमशेदपुर सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य डॉ आशा लाकड़ा ने बैठक लिया इस बैठक में जिला, पंचायत के प्रतिनिधि साथ ही विभिन्न आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के साथ आयोजित बैठक में भाजपा नेता सह समाजसेवी मनोज कुमार सरदार शामिल होकर पोटका विधानसभा के समाज के विभिन्न समस्या को रखा' साथ ही पोटका प्रखंड के हरिणा पंचायत में निमार्णाधीन वायोडाईवारसिटी पार्क जो करोड़ों के लागत से बन रहा है, उसके अंदर भूमिज समाज का भी पूजा स्थल जाहेर थान और शमशान जमीन है' उसको चिन्हित कर सुरक्षित करने की बात कहा` पार्क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का नाम होगा विकास होगा इसलिए हम विकास का विरोध नहीं कर रहे हैं।

इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू सहित आदिवासी समाज के जिला परिषद पूर्व जिला परिषद, मुखिया, साथ ही समाजसेवी उपस्थित थे।

# अपनी मांगों के समर्थन में प्राध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला महाविद्यालय शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया शिक्षक संघ के सचिव डॉक्टर एसपी सिंह ने सभी शिक्षकों के साथ सरकार से अपनी लंबित मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर कार्यों का संपादन किया कोल्हन विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के निदेर्शानुसार सभी महाविद्यालय में इस तरह के विरोध प्रदर्शन किए गये शिक्षक संघ ने सरकार से लंबित मांगों में 16 वर्षों से प्रोन्नति पीएचडी इंक्रीमेंट नये शिक्षकों के इंक्रीमेंट ओल्ड पेंशन योजना लागू करने तथा अवकाश में किए गये कटौतियों पर विचार करने हेतु सभी शिक्षक एकत्रित होकर महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया है सरकार से आग्रह किया है कि इन मुद्दों को जल्द से जल्द पूरा करके झारखंड राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए विकास के पथ पर अग्रसर होने की कामना कर रहे हैं 16 वर्षों से शिक्षकों को इन मुख्य समस्याओं के समाधान हेतु किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया इसलिए शिक्षकों के बीच काफी आक्रोश है कि उनकी मांगे मानी जाए जो मांगे यूजीसी नॉर्म्स के अनुसार सही है' इस अवसर पर डाकू के महासचिव प्रोफेसर इंदल पासवान डाकू के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एसके सिंह, घाटशिला महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ पीके गुप्ता, डॉ डीसी राम, डॉक्टर संदीप चंद्र, प्रोफेसर महेश्वर प्रमाणिक, डॉ कुमार विशाल, डॉक्टर संजेश तिवारी, प्रोफेसर अर्चना सुरीन, प्रोफेसर सोम सिंह, प्रोफेसर विकास मुंडा, प्रोफेसर मोहम्मद सज्जाद आदि उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर इस्ट ने किया स्तनपान पर जागरूकता कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के द्वारा 1 से 7 अगस्त तक चलने वाली विश्व स्तनपान सप्ताह तीन अलग-अलग जगहों पर मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा स्तनपान के महत्व को बढ़ावा देने व जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टेल्को परिवार कल्याण संस्थान, पटमदा के माचा स्वस्थ केंद्र, और घोड़ाबांधा कुम्फुट्टा आंगनबाड़ी केंद्र में किया। जहा काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

मौके पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य डॉ अंजुश्री पंडित (जमशेदपुर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ), सीएआरई के अनुभवी और प्रमुख सामाजिक प्रभावकार रमा खन्ना ने वक्ताओं के रूप में भाग लिया। उन्होंने गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को स्तन दूध का महत्व, शिशुओं को मिलने वाला पोषण और संक्रमण से शिशुओं की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा स्तनपान कराने से माताओं को स्तन कैंसर से होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकती है। इसके बारे में दोनों वक्ताओं ने विस्तार से बताया। उपस्थित महिलाओं के बीच स्तनपान पर प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। सही उत्तर देने पर उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी महिलाओं के बीच हॉर्लिक्स पैकेट का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष मधुमिता सान्याल सहित अन्य सदस्य भी शामिल रहे।

## पीएम आवास योजना की नयी सूची के नाम पर की जा रही ठगी

**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** ठगी करने के लिए लोग कई तरह के हथकंडे अपना रहे हैं उसी में अब धोखाधड़ी करने वाले लोग प्रधानमंत्री आवास योजना की नई सूची के नाम पर ऐप बनाकर लोगों के व्हाट्सएप में भेज रहे हैं। जिसे लोग खोलकर इंस्टॉल करते हैं और जैसे ही अपना मोबाइल नंबर डालते हैं। उनका खाता से पैसा निकाल ली जाती है। इस प्रकार की घटना इन दिनों बिशुनपुर प्रखंड में देखने को मिल रहा है। इस संबंध में नरमा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव ने बताया कि मेरे व्हाट्सएप में एक मैसेज आया जिसमें लिखा हुआ था प्रधानमंत्री आवास योजना की नई सूची। मैं भी उसे खोला इसके बाद इंस्टॉल करने का ऑप्शन आया मैंने उस ऐप को इंस्टॉल कर दिया। इसके बाद मोबाइल नंबर का ऑप्शन आया जिसमें मैं अपना मोबाइल नंबर डाल दिया। थोड़ी देर में मेरे खाता से पांच, दो और एक हजार रुपया कट गया।

# हुसैन नगर के घरों में भरा बारिश का पानी

## जलजमाव से लोग परेशान, पानी में खटिया बिछा कर सो रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता






**गुमला।** अगर अपनी आंखों से नरक का दृश्य देखना हो तो आपको गुमला शहर का हुसैन नगर जरूर देखना चाहिए। अगर लगातार आधा घंटे बारिश हो जाए तो हुसैन नगर का हर घर पानी में डूब जाता है। पूरे मोहल्ले की स्थिति यह होती है कि जो घर के अंदर रहता है वह घर से बाहर नहीं निकल पाता और जो घर के बाहर होता है उसे घर के अंदर जाने के लिए जलस्तर कम होने पर इंतजार करना पड़ता है। हुसैन नगर में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग अधिकांश हैं। जिस दिन बारिश हो जाती है उसे दिन उजाले में तो लोग किसी तरह दिन काट लेते हैं लेकिन रात की स्थिति कितनी कष्टदायक होती है इसका अंदाजा ना तो गुमला के नगर प्रशासक को है और ना ही गुमला के उच्च अधिकारियों को। पूरे शहर का पानी नालियों और सड़कों के रास्ते से हुसैन नगर पहुंचता है। नगर परिषद के द्वारा ना तो ड्रेनेज की व्यवस्था की गई है और ना ही जल निकासी का कोई माकूल इंतजाम किया गया है। जब किसी किस्म की कोई प्लानिंग ही नहीं है तो ढलान में रहने वाले लोगों के घरों का हाल तो यही होना है। पूरी हुसैन नगर बस्ती तालाब में तब्दील है। लगभग हर घर घुटने भर पानी में डूबा हुआ है। लेकिन विडंब बनाया है कि उनकी इस स्थिति से अवगत होने के लिए ना कोई नेता पहुंचता है और ना कोई अधिकारी। ऐसा नहीं कि यहां के नेता हुसैन नगर की स्थिति से वाकिफ नहीं है। अगर अभी चुनाव कर दिया जाए तो कई नेता अपना पजामा घुटनों तक उठाए हुए घुटने भर पानी में भी हुसैन नगर का भ्रमण करते दिखाई देंगे। लेकिन हुसैन नगर वासी अभी मुसीबत में है उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं।समाज सेवा का दंभ भरने वाली बड़ी-बड़ी सामाजिक संस्थाएं हुसैन नगर की तरफ आज मुड़कर नहीं देखेंगे। क्योंकि हुसैन नगर की स्थिति इतनी बदतर है कि वहां के जल जमात पैदा होने वाली बैक्टीरिया उन समाज सेवीवियों, नेताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों के शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बहते हुए पानी में रेंगते हुए बदहवास सांप कभी भी उन्हें डस सकते हैं। मच्छरों का प्रकोप कभी भी उन्हें मलेरिया जैसी बीमारी गिफ्ट कर सकता है। अब इतना खतरा कौन मोल लेता है। ना अधिकारी ना कर्मचारी ना नेता, ना समाज सेवी, हुसैन नगर वालों को जीना है तो उसी हाल में जिये। वरना बस्ती छोड़कर किसी ऊंची जगह में टेंट लगा ले और पूरा बरसात जल स्तर कम होने का इंतजार करें। विकास का नारा लगाने वाले अधिकारी पदाधिकारी विधायक सांसद नगर परिषद सारे मौन होकर केवल तमाशा देख रहे हैं। गरीब जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना जागरूकता रथ को किया गया रवाना




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का प्रचार प्रसार हेतु जगरुकता वाहन को बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करवाने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा एवं अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार रवाना किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास प्राधिकारी रंजीत सिन्हा ने कहा कि यह प्रचार वाहन सभी पंचायत में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से गांव के लोगों को बताया जाएगा की जो महिलाएं 21 से 49 वर्ष तक के हैं और वह किसी प्रकार से सरकारी कर्मी संविदा कर्मी नहीं है। या किसी अन्य पेंशन योजना का लाभ नहीं उठा रहे हैं। उन्हें प्रति माह एक हजार रुपया सहायता के तौर पर झारखंड सरकार के द्वारा दिया जाएगा। जिसका कैंप सभी पंचायत भवन में आगामी 10 अगस्त तक लगाया गया है। वहां लोग जाकर अपना फॉर्म भरकर ऑनलाइन कर सकते हैं। तभी उन्हें मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का आवेदन फार्म आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा निशुल्क दिया जा रहा है इसमें किसी प्रकार का शुल्क नहीं है।

## घटिया सड़क निर्माण के खिलाफ धरना नौ को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार के द्वारा टोटो से फोरी, टांगीनाथधाम व टोटाम्बी से बेलागाड़ा तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरते जाने की लिखित शिकायत जिला प्रशासन को दी गयी है। घटिया सड़क निर्माण पर क्या कार्रवाई हुई है। इस बाबत 7 अगस्त 2024 को गुमला उपायुक्त से पार्टी की एक टीम मुलाकात करेगी। वहीं घटिया सड़क निर्माण कार्य में सटीक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 9 अगस्त 2024 को गुमला जिला मुख्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम में जोरदार तरीके से आवाज उठाते हुए राज्य सरकार व मुख्य सचिव को सड़क निर्माण के नाम पर हुई घपले की जांचोपरांत कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित की जायेगी। जिले में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का स्थिति बहुत ही दयनीय है। जिसे बर्दाशत नहीं किया जायेगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण में गड़बड़ी के खिलाफ पार्टी आंदोलन शुरू करेगी।

## कुएं में गिरने से एक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बनई कोहड़ाटोली निवासी अंधरियास बारला की कुआ में गिरने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार शाम से ही अंधरियास बारला का कोई पता नही चल रहा था। जिसकी काफी खोजबीन के बाद भी पता नही चलने पर सोमवार को करीब दो बजे आशंका होने पर कुआं में झागड़ डालने पर उसका शव बरामद किया गया। परिवारजनों ने बताया कि रविवार शाम को अंधरियास कुआ के किनारे मिट्टी भरने के लिए आया था और आशंका व्यक्त की जा रही है कि मिट्टी भरने के क्रम में ही वो अनियंत्रित होकर कुआ में गिर गया होगा और डूबने से उसकी मौत हो गयी होगी। घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया एमलेन कुल्लू को मिलने पर इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी। जिसपर बसिया पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई किया गया।

## बड़े भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिमरला के गुटवा गांव में बड़े भाई बसंत टोप्पो के हत्या के आरोपी छोटे भाई अजय टोप्पो को घाघरा पुलिस ने सोमवार को गुमला जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया की शनिवार की शाम दोनों भाई के बीच हड़िया पीने को लेकर बहस हुई। इस क्रम में अजय ने घर में रखे लाठी डंडे से बसंत के सिर पर वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गयी थी। वही ग्रामीणों द्वारा उसे पकड़कर रखा गया था। जहां रविवार को घटनास्थल पहुंचे पुलिस को ग्रामीणों ने अजय को को सौंपा। वहीं पुलिस आज गुमला जेल भेज दिया है।

# मजदूरी के लिए बाहर जाने से पूर्व श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** मिशन बदलाव भरनो प्रखंड कमिटि की बैठक अधिवक्ता पंकज लोहरा की अध्यक्षता में कुम्हरो में संपन्न हुई। बैठक को लेकर संबोधित करते हुए भूषण भगत ने कहा कि गुमला के मजदूर अलग-अलग राज्यों में बड़ी संख्या में असंगठित मजदूर कार्यरत हैं और सरकार उनके लिए कई योजनाएं भी चला रही हैं। लेकिन उन्हें इनकी जानकारी नहीं है। उनका रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण वे इनका लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं। उनके जीवन में होनेवाली कठिनाईयों के लिए उनके पास कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। मजदूर श्रम अधीक्षक कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन करा के फायदा उठा सकते है।

कोई भी मजदूर कार्य के लिए बाहर गये और कुछ दुर्घटना हो जाये तो मिशन बदलाव मजदूरों के अधिकार को लेकर हमेशा तैयार है। मिशन बदलाव के अमित सिंह और राज कुमार ने कहा कि मजदूर सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में व्यापक बदलाव ला सकते है है। मिशन बदलाव के पंकज लोहरा ने बताया कि कोई भी मजदूर जो प्रवासी है और अभी खेती करने के लिये वापस आये है तो सबसे पहले श्रम विभाग में भी अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। मिशन बदलाव टीम सभी मजदूर के मदद के लिए हमेशा आगे है। बैठक में मिशन बदलाव के प्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। जिसमे सुगनपति महली, संजय राम, मंजीत तिर्की, कुलदीप महली, बिजय उराव, सूरज लोहरा, दिनेश उराव, चमरू उराव अमरजीत गोप, सूरज लोहरा टीटू देवी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री मंइयां योजना में महिलाओं को हो रही परेशानी पर सरकार दे ध्यान: बसंत गुप्ता

**मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत आयोजित शिविर में लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने गुमला प्रखंड क्षेत्र के फसिया पोढाटोली करौंदी आदि अनेक इलाके का भ्रमण किया। मयूरी ट्रस्ट द्वारा संचालित चैताली कॉलेज में इंटर, बीए एमए बीएड, डीएलएड एमएड एएनएम जीएनएम बीएससी नर्सिंग वकालत बीए एलएलबी एलएलबी, नीट कोचिंग जेटेट कोचिंग के लिए अभ्यर्थियों को नामांकन करने की अपील की गयी।

शैक्षणिक भ्रमण में मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने फसिया पंचायत मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत आयोजित शिविर में भी भाग लिया। वहीं खेतों खलिहानों तक पहुंच कर धान रोपने में जुटे लोगों को भी कॉलेज में चल रहे नामांकन की जानकारी दी गयी। ट्रस्ट के डायरेक्टर ने बताया कि फसिया पंचायत में सैकड़ों लोगों का आवेदन भरा गया है लेकिन अभी तक ऑनलाइन मात्र 50-60 लोगों का ही हो चुका है। ऐसे में निर्धारित तिथि 10 अगस्त तक फॉर्म भरने का कार्य कैसे सफल हो पाएगा इस पर लोग चिंतित है।

मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने सर्वर डाउन की समस्या को दूर करते हुए सभी मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के अभ्यर्थियों का ऑनलाइन जल्द पूरा करने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर संपन्न करने का मांग किया है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन को लेकर पंचायत कार्यालय पहुंच रहे हैं लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण ऑनलाइन अभ्यर्थियों का आवेदन नहीं हो पा रहा है। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रश्मि लकड़ा फसिया, सुषमा कांति बाडा,चामीन देवी फसिया बरटोली,तारा उरांव विंध्याचल नगर, अमृता देवी लक्ष्मण नगर, रंथी देवी पोढाटोली इंद्राणी देवी कोठाटोली फसिया के आंगनबाड़ी सेविकाएं , समाजसेवी दिलीप शर्मा, नीला देवी, राहूल कुमार और काफी संख्या में युवती एवं महिलाएं मौजूद थे।

# कृषि पाठशाला में किसान सीखेंगे आधुनिक खेती के हुनर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना बिरसा कृषि पाठशाला में बसिया प्रखंड के किसानो को आधुनिक खेती एवं पशुपालन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रखंड मुख्यालय के समीप सरकार के महत्वाकांक्षी योजना बिरसा कृषि पाठशाला के अंतर्गत कार्य तेजी पर है। इस पाठशाला में किसानों को प्रशिक्षित कर खेती के आधुनिक तकनीक सिखाया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मुर्गी पालन, सुकर पालन, गाय पालन जैसे कई प्रकार के आधुनिक तरीके से फार्मिंग के तरीके सिखाए जायेंगे। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर सुभाष सिन्हा ने बताया कि इस पाठशाला में कृषकों को आधुनिक तरीके की खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे किसान अच्छे तरीके से खेती कर पायेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी।

**पाठशाला का उद्देश्य :** कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग द्वारा कृषकों को क्षमता विकास एवं प्रत्यक्षण पर वैज्ञानिक विधि से प्रशिक्षित किया जायेगा। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा सरकार के अन्य विभागों के बीच योजनाओं का लक्षित अभिसरण तय किया गया है। उसमें क्लस्टर आधारित बिरसा गांव में मलचिंग तकनीक द्वारा सिंचाई सुविधा विकसित करना, फॉरवर्ड लिंकेज सेवा के माध्यम से लाभुक कृषकों को आर्थिक सुदृढीकरण प्रदान करना है।

# हजारों की संख्या में कांवर लेकर देवाकी बाबा धाम पहुंचे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** लोहरदगा मनोकामना सिद्धि मंदिर से सोमवार को हजारों की संख्या में लोग पैदल कांवर यात्रा लेकर देवाकी बाबा धाम पहुंचे। जहां सुल्तानगंज से लाए हुए गंगाजल से भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। लगभग 30 किलोमीटर पैदल यात्रा कर महिलाएं बच्चियों बच्चे कावर में जल लिए बाबा धाम पहुंचे थे। इस क्रम में कलाकारों द्वारा रंगारंग भक्ति झांकी का आयोजन किया गया। इसमें भगवान भोलेनाथ माता पार्वती, मां काली, बजरंगबली, राधे-कृष्णा, नंदी-शिव भक्त के रूप में कई कलाकार शामिल हुए। जिन्होंने झांकी का मंचन किया। जिसे देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी। कावर यात्रा में बोल बम हर हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण गुंजमन हो उठा। वही चांदनी चौक में जय भोले महावीर मंडल द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों के बीच पानी जूस का वितरण किया गया। वही कई सामाजिक संगठनों द्वारा फल शरबत और कांवड़ यात्रा के नेतृत्व कर रहे लोगों को अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। मौके पर उपस्थित लोगों में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप साहू, सचिव किशोर जयसवाल, प्रदीप प्रसाद, संतोष मणि मिश्रा, मुरली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डीसी ने टोटो लैंपस का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा टोटो लेम्पस का निरीक्षण किया गया। वहीं टोटो लैंपस के सचिव द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 24- 25 में लगभग 71 क्विंटल धान का बीज किसानों को 50% अनुदान पर दिया गया है. साथी किसानों के लिए सभी प्रकार का उर्वरक मिलता है जैसे (यूरिया डीएपी इत्यादि) जिसे किसानों को इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नही पड़ती।साथी किसानों को बिना ब्याज पर ऋण की राशि में खाद बीज दिया जाता है। साथी इस कैंपस में 50 एमजी का कोल्ड स्टोर है जिसमें किसानों का सामान रखा जाता है। वही उपयुक्त द्वारा उपस्थित महिला समूह को बताया गया कि इस कोल्ड स्टोर का उपयोग किसान अपने फल सब्जी को रखने में करते हैं। इस दौरान वहां की एसएचजी की महिला समूह को किस तरह से आगे बढ़ाना है इस पर भी चर्चा किया गया। साथ ही दीदी को बिजनेस करने पर भी बताया गया। वही एक दीदी द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष मशरूम का खेती किया गया था इसमें दीदी को काफी मुनाफा हुई थी दीदी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष भी समूह द्वारा मशरूम लगाया जाएगा।

इसमें जिला सहकारिता पदाधिकारी माधुरी बेक, जिला उद्यान तकनीकी विशेषज्ञ दीपक कुमार, जिला कृषि टीए अजीत कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## मारपीट और जाति सूचक गाली देने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी थाना की पुलिस ने 2023 में मारपीट व जाति सूचक गाली देने के मामले में तिगरा निवासी नौशाद खान पिता मुमताज खान और अफरोज खान पिता सिराजुद्दीन खान को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों युवक ने समूह बनाकर गांव के ही कुछ लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। दोनों पर जारी थाना में कांड दर्ज किया गया था।

## सामाजिक सुरक्षा के ऑपरेटरों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आवाहन पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में सामाजिक सुरक्षा के ऑपरेटरों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार मांझी ने कहा कि सरकार को अभिलंब सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय की विसंगति को दूर करते हुए पूरे राज्य में एकरूपता बरतने की कार्रवाई करे। बगैर बचाओ के अवसर दिए कंप्यूटर ऑपरेटर की छटनी पर रोक लगे। कार्यरत सामाजिक सुरक्षा कंप्यूटर ऑपरेटर डाटा एंट्री समेत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सामाजिक सुरक्षा के स्वीकृत रिक्त लेखा लिपिक के पद पर एकमुश्त सेवा वरीयता के आधार पर समायोजित करने एवं सेवा नियमित होने तक 60 वर्ष की सेवा की गारंटी की मांग संघ के द्वारा की जा रही है परंतु सरकार संघ की मांगों को नजरअंदाज कर रही है जिसको लेकर आज संघ के आवाहन पर काला बिल्ला लगाकर सरकार के नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य किया जा रहा है। सरकार अगर हमारी मांगे पूरे नहीं करती है तो संघ के आवाहन पर 22 अगस्त को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाना निर्धारित है।

## बाइक सहित पुल से नीचे गिरने से तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबा धाम पुल में बाइक सहित गिरने से तीन युवक घायल हो गये। जिसमें गंभीर रूप से घायल चपका घाघरा निवासी विवेक साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज के उपरांत सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक तीन युवक बाबा धाम मेला घूमने गए थे सोमवार की शाम करीब 6 बजे तीनों घाघरा की ओर आ रहे थे।तभी बाबा धाम पुल में अनियंत्रित होकर तीनों पुल के नीचे गिर गये। घटना के बाद विवेक साहू बेहोश हो गया गनीमत था की सोमवार को दिनभर वर्षा नहीं हुई थी जिससे नदी में पानी कम था। वहीं घटना के बाद बनारी बिशनपुर निवासी अमित खेरवार और अनुज खेरवार को हल्की चोट लगी। जिसके बाद वे दोनों किसी तरह बाइक को नदी से ऊपर लेकर आए और घटनास्थल से विवेक साहू को छोड़कर फरार हो गये। ग्रामीणों की नजर विवेक साहू पर पड़ी जिसके बाद उनके परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी गयी।

# मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का निरीक्षण करने पहुंचे सीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड के उत्तरी भरनो पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का निरीक्षण करने पहुंचे अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर एवं प्रमुख पारस नाथ उराव, मुखिया मंजू देवी भी मौजूद थी। अंचल अधिकारी ने कहा सर्वर डाउन से पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है इस समस्या को वरीय अधिकारी तक पहुंचाया गया है। जितने भी लाभार्थी हैं सबका ऑनलाइन होगा किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है साथ ही मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में फॉर्म जेरोक्स करके भी उसे भरा जा सकता है। मौके पर समाजसेवी हकीम खान, शमशाद खान, तारकनाथ गोप, आफताब आलम आदि मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में लहराया परचम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वावधान में जुलाई एवं अगस्त माह में आयोजित क्लस्टर लेवल प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने 203 गोल्ड मेडल, 49 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रांज मेडल के साथ खेल के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इस उपलब्धि पर सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहु ने कहा कि यह उपलब्धि ऐतिहासिक है, और इसके लिए सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं उनके मेंटर शिक्षक सभी धन्यवाद एवं बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ कि आप चोटिल होने के बावजूद खेलते रहे और इसी दृढ़ संकल्प तथा अनुशासन की वजह से आज हमने यह उपलब्धि हासिल की है।

फुटबॉल में अंडर-19 गर्ल्स रनर अप, अंडर-17 बॉयज विनर, अंडर-14 बॉयज विनर एवं अंडर-14 गर्ल्स विनर रहे। राहुल होरो, अभय खाखा एवं पुष्पा उरांव को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला।

बैडमिंटन में अंडर-14 गर्ल्स विनर, अंडर-14 बॉयज रनर अप, अंडर-17 बॉयज विनर, अंडर-17 गर्ल्स विनर, अंडर-19 गर्ल्स विनर, अंडर-19 बॉयज रनर अप रहे। अच्युत, हिमानी एवं नेहा को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। टेबल टेनिस में अंडर-14 गर्ल्स विनर, अंडर-14 बॉयज रनर अप, अंडर-17 बॉयज रनर अप, अंडर-17 गर्ल्स विनर, अंडर-19 गर्ल्स विनर, अंडर-19 बॉयज रनर अप रहे। यजुषि, उन्नति एवं राजलक्ष्मी को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। रोप स्किपिंग में अंडर-14 गर्ल्स विनर, अंडर-14 बॉयज विनर, अंडर-17 बॉयज विनर, अंडर-17 गर्ल्स विनर, अंडर-19 गर्ल्स विनर, अंडर-19 बॉयज विनर रहे। यशराज, भूमि, अमन मिंज चाँदनी, मोहित एवं कविता को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। खोखो में अंडर-14 गर्ल्स विनर,अंडर-17 बॉयज विनर, अंडर-19 गर्ल्स विनर रहे।

### 'अदबी संसार' के बैनर तले सम्मान समारोह सह मुशायरा का आयोजन

# साहित्य ही युवाओं को भटकाव से बचा सकता है: अरुणा शंकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



साहित्य के क्षेत्र में अहम योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करती अरुणा शंकर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** शहर के होटल ज्योति लोक में 'अदबी संसार' के बैनर तले सम्मान समारोह के साथ कवि सम्मेलन सह मुशायरा का आयोजन हुआ। साहित्यकार ज्योति प्रकाश, शायर नादिम बल्खी, समाजसेवी अली अहमद हुसैन एवं संगीतज्ञ पंडित राजाराम मिश्रा की स्मृति में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध कवि श्रीधर प्रसाद द्विवेदी को वर्ष 2023 का नादिम बल्खी सम्मान एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी गायक कय्यूम रूमानी को पंडित राजाराम मिश्रा सम्मान से नवाजा गया। डॉ यासीन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के अलावा प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा, समाजसेवी मुमताज अहमद खा, शिक्षाविद अविनाश देव, अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर, संरक्षक अमीन रहबर, अध्यक्ष इमरान शाद, सचिव शाहिद अनवर व मीडिया प्रभारी मो इस्तेखार ने संयुक्त रूप उन्हें शाल, स्मृति चिह्न एवं 5100-5100 रुपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही वार्षिक सम्मान 2023 के स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। अली अहमद हुसैन सम्मान अपरिहार्य कारण से स्थगित रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कवि श्रीधर द्विवेदी एवं कय्यूम रूमानी को साहित्य व कला के क्षेत्र किये गये कार्य के लिए अभिनंदन किया। कहा कि इनके कारण साहित्य व कला के प्रति नयी पीढ़ी का रूझान बढ़ा है। कहा कि साहित्यकार समाज की स्थिति को दिखाते हुए हमें नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। साहित्य ही युवाओं को भटकाव से बचा सकता है। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग के प्रति भी सचेत किया। वहीं डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि साहित्य ही सही अर्थों में समाज को मानवता का पाठ पढ़ाता है। समाज की एकजुटता एवं आपसी सद्भाव के लिए हमेशा से साहित्य की अग्रणी भूमिका रही है और रहेगी। प्रोफेसर सुभाष चंद्र मिश्रा ने साहित्यकार ज्योति प्रकाश को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों के कारण इस शहर में अनेक राष्ट्रीय विभूतियों का आगमन हुआ। खुद ज्योति प्रकाश पलामू के महान विभूति हैं। वहीं, समाजसेवी मुमताज अहमद खां ने कहा कि अदबी संसार ने साहित्यकार व कलाकार को सम्मानित कर यह साबित किया कि वह एकता, समरता व स्थानीय गौरव के लिए प्रतिबद्ध संस्थान है। शिक्षाविद अविनाश देव ने कहा कि पलामू के हस्ती नादिम बल्खी, अली अहमद हुसैन व पंडित राजाराम मिश्रा के नाम पर सम्मान देने की परंपरा कायम करना लाजबाव है। जबकि अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने कहा कि अदबी संसार पलामू के स्थापित शख्शियतों का सम्मान करते हुए नयी किस्मों की प्रतिभा को उभारना चाहता है, ताकि वे समाज की खुशहाली व देश की तरक्की में भागीदार बन सकें। वहीं, सम्मानित कवि श्रीधर द्विवेदी व कलाकार कय्यूम रूमानी ने 'अदबी संसार' की सोच की सराहना की और सम्मान के लिए धन्यवाद कहा। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन सह मुशायरा में हरिवंश प्रभात, कवयित्री शालिनी शहबा, मीना बंधन, कवि गुरमीत सिंह मीत, अमीन रहबर, राकेश कुमार, सुषमा श्रीवास्तव, आकाश गिरि, अमन प्रियदर्शी, चंदन प्रजापति, उमेश पाठक 'रेणु', मोबीन कुरैशी, किरण राज, रीना प्रेम दूबे, जया लक्ष्मी, विजय शंकर मिश्र, रमेश पांडेय, अनुज कुमार पाठक, रामप्रवेश पंडित, रमेश सिंह, श्याम किशोर पाठक, शिवशंकर प्रसाद, घनश्याम कुमार, इमरान शाद, शाहिद अनवर व मो इस्तेखार आलम ने एक से बढ़कर एक गीत-गजलों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर रोहित कुमार, नैयरूल इस्लाम, मुमताज अंसारी, निगार आलम, फैयाज अहमद, एजाज अहमद, जावेद अहमद, अशोक पासवान व मुजाहिद हुसैन आदि थे।

## आदिवासियों के लिए बने अलग झारखंड में अब आदिवासी ही सुरक्षित नहीं: नरेंद्र पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बांग्लादेशी घुसपैठिये लगातार झारखंड में आकर बस्ते जा रहे हैं और सरकार आंख मुदे हुए हैं। उक्त बातें भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता नरेंद्र कुमार पांडेय ने कही। वे सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति से किसका भला होगा?। गरीब, आदिवासी, आर्थिक रूप से कमजोर व अन्य पिछड़े वर्गों का हक मिले इसके लिए झारखंड राज्य की स्थापना हुई थी। आदिवासियों के लिए बने अलग झारखंड में अब आदिवासी ही सुरक्षित नहीं हैं। राज्य में हेमंत सरकार के राज में हालत यह है कि आदिवासी पुलिस भी मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अनुबंध कर्मियों पर लाठी चार्ज किये जा रहे है। पिछले चार दिनों में दो पुलिसकर्मी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। विगत 30 जुलाई को नेतरहाट घाटी में पुलिस आरक्षी अभिषेक उरांव को गोली मारी गई, जिसे पहले सड़क दुर्घटना कहकर मामला रफा दफा करने की कोशिश हुई। पर पोस्टमार्टम में उनके शरीर से पांच गोली निकली। वहीं, रांची के रिंग रोड में स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या की गई। अगर रोजगार की बात करें तो हेमंत सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने चुनाव के वक्त क्या वादे किए थे और आज सच्चाई क्या है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इस बार करारा जवाब देगी।

## देश की सभी आर्थिक गतिविधियों में ओबीसी को मिले 52 प्रतिशत हिस्सेदारी : अमर प्रसाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर प्रखंड के गुरहाकला पंचायत के मुरमाकला गांव में ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ पहुंचा। इस दैरान नुक्कड़ सभा आयोजित हुई। अपने संबोधन में ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सदस्य अमर प्रसाद ने कहा कि देश के सभी आर्थिक गतिविधियों, सेना के उच्च पदों, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति, सड़क भवन निर्माण के ठेकों में सप्लाई, डीलरशिप, आउटसोर्सिंग- परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद आदि में जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी चाहिए। बताया कि आज की स्थिति में ओबीसी समाज की हकदारी हर क्षेत्र में जरूरी है। चाहे वह शिक्षा हो खेल हो। ओबीसी को बिहार में 30 प्रतिशत आरक्षण है, लेकिन झारखंड में मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण है। हमें झारखंड में जनसंख्या के अनुसार आरक्षण चाहिए। राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण आबादी के अनुपात में 10 प्रतिशत व 26 प्रतिशत है। वहीं ईडब्ल्यूएस अगड़ी जाति को भी आरक्षण अपनी आबादी से ज्यादा 10 प्रतिशत दिया गया है। ऐसे में झारखंड में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है। मगर इन्हें आरक्षण मात्र 14 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। जो सरासर अन्याय है।

## एके सिंह कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला के एके सिंह कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में माय भारत पोर्टल जागरूकता कार्यक्रम 2024 विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसीएस डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि माय भारत पोर्टल युवाओं के लिए एक ऐसा डिजिटल पोर्टल है जो प्रत्येक युवाओं के कौशल विकास व उनके करियर से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। इस पोर्टल पर प्रत्येक एनएसएस के वालंटियर और विद्यार्थी एक युवा के रूप में माय भारत पोर्टल से जुड़े और अपना पंजीयन कराए ताकि, सरकार की ओर से युवाओं के प्रति सभी प्रकार की जानकारियां उन्हें समय से मिल सके। प्रो राहुल सिंह ने भी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। वहीं, पंजीयन करने में शुभम प्रकाश, किरण कुमारी और आलोक कुमार ने सहयोग किया।

## सोलर पार्क की स्थापना से बिजली समस्या से काफी हद तक मिलेगी निजात : कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद विधायक ने सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधानसभा में उठाई आवाज**
**मंत्री परिषद की स्वीकृति के बाद निकाली जायेगी निविदा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** हैदरनगर अंचल के परता गाम में सोलर पार्क की स्थापना अब तक नहीं हो सकी है। जिसे लेकर हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह ने विधानसभा में आवाज उठाई थी। सोलर पार्क की स्थापना को लेकर विधायक काफी गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सोलर पार्क की स्थापना होने से बिजली की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कहा कि भूमि उपलब्ध कराने के बावजूद इस कार्य में बेवजह देरी की जा रही है। विधायक ने बताया कि उनके सवाल पर विभागीय मंत्री ने जवाब दिया है कि पलामू जिला के हैदरनगर के परता गांव के समीप सोलर पार्क की स्थापना के लिए कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति एवं राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव योजना प्राधिकृत समिति द्वारा पारित कर दिया गया है। शीघ्र ही मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। स्वीकृति के बाद निविदा के माध्यम से सोलर पार्क की स्थापना की जाएगी। इस पर विधायक ने कहा कि वह एक-एक काम को लेकर गंभीर हैं। परिणाम भी क्षेत्र में दिख रहा है।

## हुसैनाबाद में हार का सिलसिला तोड़ने के लिए राजद के बदले कांग्रेस प्रत्याशी उतारने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के दुर्गा बाड़ी परिसर में सोमवार को हुसैनाबाद कांग्रेस की बैठक हुई। जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। बैठक के नेतृत्व पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी नवल किशोर पाठक ने किया। जिसमें हुसैनाबाद में राजद से गठबंधन नहीं करने पर जोर दिया गया। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉक्टर एम तौसीफ, प्रदेश महासचिव सतनारायण सिंह, धनंजय तिवारी भी शामिल थे। सर्वप्रथम बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को चुनाव लड़ना चाहिए। दूसरी ओर राजद से कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने को लेकर सभी ने एक राय दी। वक्ताओं ने कहा कि राजद से गठबंधन से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होता है। यहां कांग्रेस का गढ़ रहा हैं। वहीं, कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा की कार्यकर्ता की भावनाओं को सुनने के बाद यह सुनिश्चत किया गया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस की पहचान है। मेरी पूरी कोशिश होगी कि कांग्रेस यहां से चुनाव लड़े।

कार्यकर्ताओं की भावनाओं से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को अवगत करायेंगें। वहीं, डॉ एम तौसीफ ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व को चाहिए की हुसैनाबाद के कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं की भावनाओं को सुनना चाहिए और हुसैनाबाद से कांग्रेस को चुनाव लड़ना चाहिए। प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह ने कहा कि हम सभी को मिलकर कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए मुहिम छेड़ना होगा। इस मौके पर अवधविहारी सिंह, मसरूर अहमद, गुप्तेश्वर पांडेय, नदीम खान, महताब सिद्दीकी, रघुराइ यादव और अर्जुन सिंह आदि ने भी संबोधित किया। वहीं, बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद के प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह व संचालन नवल किशोर पाठक ने किया।

## बेलौदर गांव में पैक्स अध्यक्ष के घर चोरी

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलौदार गांव निवासी सह पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह के घर से रविवार की रात चोरों ने नगदी सहित कीमती आभूषण चोरी कर लिया। इस बाबत भुक्तभोगी ने सोमवार को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात करीब 12 बजे जब उनकी नींद खुली तो बेडरूम का दरवाजा बंद पाया। संदेह होने पर आंगन के बरामदे में सो रही मां को शोर मचाकर दरवाजा खुलवाया व घर की जांच की तो तीन बक्से गायब मिले, जिसमें 50 हजार नगद और कुछ गहने रखे थे। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि बेलौदार मोड़ स्थित सुरभि होटल के पास से चोरी के तीन बक्सा बरामद किया गया है। हालांकि उसमें से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## गांजा-शराब पीने से मना करने पर नशेड़ियों ने पिता-पुत्र को पीटा

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत बरवाडीह में एक दुकान के पास नशा और जुआ खेलने से मना करने पर नशेड़ियों ने सोमवार की सुबह 11 बजे पिता और पुत्र की जमकर पिटाई कर दी। जिससे बरवाडीह निवासी अवधेश राम और उनके पुत्र उदय राम गंभीर रूप से घायल हो गये। उदय राम की पत्नी सुनैना देवी शोर शराबा सुनकर बीच बचाव को आई तो नशेड़ियों ने उनके साथ ही मारपीट की। जिसके बाद खून से लथपथ पिता-पुत्र को परिजनों ने हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सकों ने घायल अवधेश राम को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। खबर पाकर पहुंचे हरिहरगंज थाने के सब इंस्पेक्टर शशि शेखर पांडेय ने घायलों से पूछताथ की। पीड़ित ने बताया कि पास के ही रजोखर गांव के छोटू, पवन, जटायु राम, पनवा देवी, दशरथ भुइंया, मुन्ना भुइंया, पिंटू भुइंया और नागेंद्र भुइंया के पुत्र को गांजा शराब और जुआ खेलने से मना करने पर उनलोगों के साथ मारपीट की गयी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जगतगुरु हैं महादेव : डॉ शशि भूषण



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सावन की तीसरी सोमवारी पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में सोमवार को शिव शिष्य सतबरवा इकाई के तत्वाधान में एकदिवसीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ महादेव है। दानियों के महादानी है। इसीलिए इनसे सच्चे मन से जो कुछ भी मांगते हैं उसे अवश्य मिलता है। शिव जगत गुरु है। इसलिए हम सबको इन्हें अपना गुरु बनाना चाहिए क्योंकि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा होता है। इस दौरान कार्यक्रम में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर सह भाजपा नेत्री अरुण शंकर भी पहुंची थी। उन्होंने कहा कि महादेव एक ऐसे देव हैं जिनका पूजा देवता तो करते ही है असुर भी करते हैं। शिव चर्चा और सत्संग में बैठने मात्र से जीवन सफल हो जाता है। वहीं, राजहरा से आई गुरु बहन कुसुम देवी ने बहुत सुंदर शिव भजन प्रस्तुत किया। गुरु भाई संजय लाल ने बताया कि शिव चर्चा में सतबरवा प्रखंड के अलावा लेस्लीगंज प्रखंड के सभी गुरु भाई-बहनें पहुंचे थे। मौके पर मंटू कुमार,धीरज पाठक,सतीश सिंह चेरो, सनम राम, योगेंद्र भैया, चंदन कुमार सेमत कई लोग उपस्थित थे।

## रेहला ग्रासिम ने किया पशुओं का टीकाकरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रेहला ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर से पशुधन विकास योजना के तहत रेहला एवं आसपास के गावों में पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारी से बचने के लिए कुल 35 गांवों घोरडीहा, डंडिला खुर्द एवं कला, बरसैता, बिशनपुर, रमजानी बिगहा, मायापुर आदि व टोलों में 1145 पशुपालकों के कुल 6512 मवेशियों को शिविर लगाकर एचएसबीक्यू का टीकाकरण एवं उपचार किया गया। ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर से प्रति वर्ष अपने आसपास के गांवों में एचएसबीक्यू का टीकाकरण अभियान चलाकर मवेशियों का टीकाकरण किया जाता है। इससे पशुओं में होने वाली मौसमी बिमारियों जैसे गलघोंटू, लंगड़ा बुखार व बरसात के गंदे पानी पीने के कारण होने वाली बीमारियों से उनकी सुरक्षा होती है। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी का मानना है कि पशुपालन कृषि का अभिन्न अंग है। कृषि उत्पादन में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। शिविर में पशुपालकों को पशुओं के समुचित देखभाल एवं मौसमी बीमारियों से बचाने का सुझाव एवं उपाय भी बताया गया। गौरतलब हो कि विगत पांच जुलाई को ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व की ओर से पशुओं में होनेवाली बीमारी एवं उसकी रोकथाम के लिए 104 पशुपालकों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के पशु चिकित्सक डॉ सुषमा बाखला ने पशुपालकों को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय एवं पशुओं के खान-पान के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया था और उसी दिन से एचएसबीक्यू टीकाकरण की शुरूआत की गई थी।

## स्पोर्ट्स



पेरिस ओलिंपिक में मेंस सिंगल्स में भारत के बैडमिंडन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मलेशिया के ली जी जिया से ब्रांच मेडल के लिये खेल रहे मैच हार गये।

### ओलिंपिक में 12 साल बाद बैडमिंटन में भारत को कोई मेडल नहीं

## लक्ष्य सेन मलेशिया के जिया से हारे, पदक से चूके



**पेरिस (एजेंसी)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पेरिस ओलिंपिक में मेंस सिंगल्स का ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गए हैं। उन्हें मलेशिया के ली जी जिया ने 13-21, 21-16 और 21-11 से हराया। भारत को 12 साल बाद ओलिंपिक में बैडमिंटन में कोई मेडल नहीं मिला है। इससे पहले पीवी सिंधु और साइना नेहवाल ने लगातार तीन ओलिंपिक गेम्स में मेडल दिलाए थे। सिंधु ने टोक्यो 2020 में ब्रॉन्ज, 2016 में सिल्वर और साइना ने 2012 में ब्रॉन्ज जीते थे। सोमवार को भारतीय खिलाड़ी ने बैडमिंटन के ब्रॉन्ज मेडल मैच का पहला गेम 21-13 से जीता, लेकिन मलेशियाई स्टार ने दूसरे और तीसरे गेम में 21-16 और 21-11 से वापसी करते हुए जीत हासिल की। दूसरी ओर, शूटर अनंत जीत सिंह और महेश्वरी चौहान की जोड़ी शॉटगन के स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में एक अंक से मेडल चूक गई। भारतीय जोड़ी को चीन ने 44-43 से हराया। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम इंडिया ने राउंड ऑफ-16 मैच में चौथी सीड रोमानिया को 3-2 से हराया। अब मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामत की टीम 7 अगस्त को अमेरिका और जर्मनी की विनर से भिड़ेगी।

### शूटिंग में भी पदक से चूके

**भारत की अनंत जीत सिंह नरूका और महेश्वरी चौहान की जोड़ी स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल मैच हार गई है। भारतीय जोड़ी महज एक अंक से मेडल चूकी। इस जोड़ी ने 43 अंक स्कोर किए, जबकि चीन की जोड़ी ने 44 अंक हासिल करके ब्रॉन्ज जीता।**

## 151 कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा के बाद 151 कांवड़ियों का जत्था सोमवार को विभिन्न वाहनों से बाबानगरी देवघर रवाना हुआ। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने जत्थे को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। साथ ही धार्मिक यात्रा खर्च हेतु आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, रजनीश कुमार उर्फ बबलू डिश आदि थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# सरकार की तुष्टीकरण के कारण ही संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा: सीता सोरेन

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में बिचौलिये की भूमिका में हैं झामुमो और कांग्रेस के लोग

- धनबाद पहुंची सीता सोरेन, हुआ भव्य स्वागत, कहा- झारखंड में आदिवासियों की घटती संख्या चिंता का विषय

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा नेत्री सीता सोरेन सोमवार को धनबाद पहुंची। उनके साथ उनकी बेटी राजश्री सोरेन भी थीं। जिनका पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसुन, वीरेंद्र हांसदा और मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीता सोरेन ने धनबाद परिषदन में पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों को पूरी तन्मयता से पूरा करने और केंद्र की मोदी सरकार की विकास योजनाओं को लगातार जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही विधानसभा चुनाव में पूरी शक्ति के साथ जुट जाने को कहा। पत्रकारों से बातें करते हुए सीता सोरेन ने कहा कि राज्य की गठगबंधन सरकार में आम जनमानस पूरी तरह त्रस्त है। सरकार की मदद से ही बांग्लादेशी घुसपैठियों ने आज संथाल परगना पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के आदिवासी भाई बहनों को उठाना पड़ रहा है। राज्य की वर्तमान सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। इन सब गंभीर विषयों से आम जनमानस का ध्यान भटकने के लिए लोक लुभावन योजनाओं की एक के बाद एक घोषणाये की जा रही है। कहा कि मुख्यमंत्री मईयां योजना में बिचौलिये पूरी तरह हावी है। जो कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के ही लोग हैं। अबुआ आवास, अबुआ राज बोलकर अपनापन जगाकर भोलेभाले आदिवासियों को ठगा एवं लूटा जा रहा है। अब आदिवासी भाई बहनों को जागरूक होने की आवश्यकता है। आदिवासी बहनों से मुस्लिम युवक बरगला कर शादी कर रहे और आदिवासी जमीन पर कब्जा कर रहे है। यह खेल झारखंड में बेरोकटोक सरकार की ही मदद से चल रहा है। आज झारखंड में आदिवासियों की संख्या घटती जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। राज्य की गठबंधन सोरेन सरकार सिर्फ वोट बैंक बढ़ाने के लिए चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के दिन पूरे हो चुके हैं राज्य की जनता जाग चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता गठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस मौके पर पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, राजकुमार मंडल, नित्यानंद मंडल, रितेश बहादुर सिंह, मनोज रिंकू, स्वरूप भाटाचार्य, डीके सिंह, संजीत सिंह, रंजीत शर्मा, अमरजीत कुमार, बबलू संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।


धनबाद परिसदन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करतीं सीता सोरेन।

### नयी योजना लाकर राज्य सरकार कर रही है वोट हासिल करने की कोशिश

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेत्री सीता सोरेन सोमवार को गिरिडीह से जामा जाने के क्रम में धनबाद सर्किट हाउस में रुकीं थीं। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कीं। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य की वर्तमान गठबंधन सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे हो गए हैं। पर यह सरकार जनता से किए अपने वादे पूरे नहीं कर पायी है। अब सरकार नई नई योजनाओं को लाकर वोट बैंक बनाने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से किसी का भला होनेवाला नहीं है। वोट बैंक बनाने की नीति यह सरकार ने नीति है। ताकि महज एक हजार रुपये के लिए महिलाओं को कतार में खड़ा कर सके। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चरमराई हुई है। अब आदिवासी भी समझ रहे हैं कि उनके साथ इस सरकार ने छलावा किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में इस राज्य सरकार को जनता करारा जवाब देगी।

## दिव्यांगों के लिए सदर अस्पताल में सात से लगेगा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर धनबाद सदर अस्पताल में दिव्यांग बच्चों के लिए सोमवार को विशेष शिविर लगाया जा रहा। जिसमें वैसे बच्चे जो शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग है उनका मेडिकल चेकअप के बाद दिव्यांगता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए सदर अस्पताल में सात से लेकर 10 अगस्त तक विशेष जांच शिविर लगाया जाएगा। न्यायाधीश ने बताया कि अब तक 2618 बच्चे चिन्हित किये जा चुके हैं जो दिव्यांग है। उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। वहीं 439 बच्चे ऐसे हैं जिनके पास दिव्यांगता का सर्टिफिकेट नहीं है। जिस कारण उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। न्यायाधीश ने बताया कि सभी बच्चों का सर्टिफिकेट बनने के बाद उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। बताया कि प्रधान जिला जज के निर्देश पर 20 से 22 अगस्त तक जिले के विभिन्न ब्लॉक में स्पेशल कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा। जिसकी तैयारी कर ली गयी है।

**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना (शुद्धि पत्र)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित जाता है कि अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक 01.08.2024 को Advertisement PR No-331592 के द्वारा प्रकाशित करवाई गई थी। जिसमें परिमाण विपत्र का मूल्य 10000.00 (दस हजार) रूपये के स्थान पर टंककीय भूलवश 100000.00 (एक लाख) हो गया है। अतएव अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25 दिनांक 01.08.2024 में अंकित योजनाओं का परिमाण विपत्र का मूल्य 10000.00 (दस हजार) रूपये समझा जाय।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 331898 (Urban Development) 24-25 (D)

## आउटसोर्सिंग परियोजना के धूलकण से त्रस्त हैं झरिया के लोग, दुर्गा सोरेन सेना उठायेगी आवाज: राजश्री सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** दुर्गा सोरेन सेना की केंद्रीय अध्यक्ष राजश्री सोरेन सोमवार को धनबाद जिले के झरिया स्थित रसूलबाग पहुंची थीं। जहां रसूलबाग के लोगों ने राजश्री सोरेन को गुलदत्सा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित सभा मंच पर उपस्थित नेताओं ने झरिया की समस्याओं से राजश्री सोरेन को अवगत कराया। कहा कि झरियावासी पानी, बिजली और आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ रहे धूलकण से परेशान हैं। किसी भी सांसद या विधायक ने समस्या का समाधान करने की पहल नहीं की। इस पर राजश्री सोरेन ने कहा कि झरिया के लोग पानी-बिजली की समस्या से जूझ रहे है। आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ रहे धूलकण से परेशान है। यहां के लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। दुर्गा सोरेन सेना झरिया की समस्याओं को लेकर आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि पिता दुर्गा सोरेन के जो सपने अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने के उद्देश्य से यह संगठन बनाया गया है।



## पार्टी से ऊपर कोई नहीं: राशिद रजा


चिरकुंडा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व अन्य।

चिरकुंडा में 'एक मुलाकात-अपनों के साथ' कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष
- 'ऐसा कोई गांव नहीं जहां कांग्रेस के पांव नहीं' के लक्ष्य के तहत करतें रहेंगे कार्य : संतोष कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा/धनबाद।** 'एक मुलाकात अपनो के साथ' कार्यक्रम के तहत सोमवार को धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी चिरकुंडा पहुंचें थे। जिलाध्यक्ष ने धनबाद में होने वाली जन संवाद यात्रा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने सहित आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चिरकुंडा से शंखनाद किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए हमलोग जेल भी गए। इसलिए हमलोग विरासत नहीं, बल्कि मेहनत करके राजनीति में आये हैं। पार्टी हाईकमान ने संगठन सशक्तिकरण की दो जिम्मेदारी दी हैं उसे पूरा कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य 'ऐसा कोई गांव नहीं, जहां कांग्रेस के पांव नहीं' के कार्य को आगे बढ़ना है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन जिले के सभी सीट से चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। कहा कि धनबाद में महागठबंधन को एक विधानसभा सीट अल्पसंख्यक को मिलनी चाहिए। कांग्रेस के प्रमंडल स्तरीय जनसभा और धनबाद में जनसंवाद यात्रा करने का निर्देश मिला है। जिसकी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। वहीं, पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि संगठन से उपर कोई नहीं हैं। संगठन है तभी विधायक और सांसद है। निरसा विधानसभा से इस बार भाजपा की हार तय है। चिरकुंडा के कार्यकर्ताओं में काफी उर्जा है। इस बार हमलोग चुनाव जरूर जितेगें। बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वकील बाउरी, वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ पांडेय, चिरकुंडा नगर कांग्रेस अध्यक्ष गैरूल हसन, सुशांत राय, रोशन वर्मा, ग्यासूददिन, संजय रजक, राजा कुमार, विजय यादव, सतेंदर कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 08/वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 13.08.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 14.08.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 14.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Extension of 11KV Line & LT Line 1X200 D/S/S to provide at PM awas yojan Aghor Ashram road sudna in ward no. 02 Daltonganj | 926176 | 18525 | 5000 | तीन माह |
| 2 | Extension of 11KV Line & LT Line 1X200 D/S/S to provide at PM awas yojan Aghor Ashram road sudna in ward no. 02 Daltonganj | 886584 | 17740 | 5000 | तीन माह |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 331863 District(24-25).D

## वायनाड में सेवा करते मारे गये आरएसएस के कार्यकर्ताओं की याद में किया पौधरोपण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केरल के वायनाड में विगत दिनों हुए भूस्खलन में राहत बचाव कार्य में जुटे होने और बाद में खुद मारे जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दो कार्यकर्ताओं प्रजिश एवं सारथ की याद में सोमवार को धनबाद के कोयला नगर व कुसुम विहार में आम, जामुन, नीम और अशोक के कुल 40 पौधे लगाकर श्रद्धांजलि दी गयी। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने आम व जामुन के फलदार पौधे लगाया। जिनका नामकरण वायनाड में मारे गये आरएसएस कार्यकर्ताओं के नाम पर किया गया। पौधारोपण में आरएसएस धनबाद के विभाग सह संघचालक व आईआईटी धनबाद में शिक्षक डॉक्टर सुनील कुमार ने भी आम, जामुन, नीम व अशोक के पौधे लगवाये। पौधारोपण में बीसीसीएल मुख्यालय के पीआरओ अमित शरण भी शामिल हुए और कोयलानगर स्थित छठ तालाब व कुसुम विहार के सुरक्षित स्थानों पर पौधे लगाकर युवाओ का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अमरेश सिंह ने कहा कि आरएसएस के दो कार्यकर्ता भूस्खलन के प्रथम चरण में बच्चों और बुजुर्गों को बचाने के कार्य में लगे थे। इसी दौरान दूसरा भूस्खलन हो गया। जिसकी चपेट में प्रजिश आ गया। उसका शव 500 मीटर नीचे से बरामद हुआ। वहीं, लापता सारथ की तलाश की जा रही है।

## नप के इओ ने क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने सोमवार को अपने दल के साथ नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा नई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, ताकि योजना निर्माण संबंधी कोई परेशानी ना हो। उन्होंने खास ढोरी स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य कर रहे संवेदक तथा नगर परिषद के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–QU/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज में कक्षा 06 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 में विषयवार शिक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरण के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से अवसर देते हुए पुनः सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला लातेहार के बेवसाइट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची–सह–विवरणी से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 09.08.2024 तक की जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 09.08.2024 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार

PR 331835 (Human Resource Developement)24-25*D

## कथारा में युवक की हत्या



**कथारा/ बेरमो।** झिरकी कथारा के रविदास टोला 24 वर्षीय युवक मनीष रविदास की दिन दहाड़े हत्या से क्षेत्र में सनसनी की परिस्थिति हैं। घटना की जानकारी मिलते ही कथारा ओपी थाना के प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वही क्षेत्र के निवासियों की रोष वाली परिस्थिति देख गोमिया के थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, तेनुघाट ओपी थाना के थाना प्रभारी अजीत कुमार, गोमिया सर्किल के इस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, ओपी थाना के रवि चौरसिया आदि पुलिस के पदाधिकारियो में कुछ झिरकी और कुछ कथारा के सीसीएल क्षेत्रीय अस्पताल में पहुंच जांच और परिस्थिति के नियंत्रण में जूट गयी। खोजी कुत्ते से लेकर मोबाईल ट्रेस को लेकर पुलिस कार्य कर रही है।

## कैडेट व जूनियर राज्य जूडो प्रतियोगिता में बोकारो उपविजेता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के जूडो खिलाड़ियों ने दो दिवसीय कैडेट जूनियर राज्य जूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 13 रजत एवं 13 कांस्य पदक जीतने के साथ ही उपविजेता कप पर कब्जा भी किया है। बतातें चलें कि दो दिवसीय राज्य जूडो चैंपियनशिप रांची के धुर्वा कुमार एवं टीम मैनेजर नईम अंसारी को बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

### असामाजिक तत्वों की सूचना मिलते ही 112 नंबर पर खबर दें: एसएसपी

## छह घंटे में 105 वांछित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर रविवार की देर रात से सोमवार की सुबह छह बजे तक पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर 105 वांछितों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अधिकांश अपराधी मुकदमे में वांटेड थे और ट्रायल के दौरान कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे। सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर एसएसपी ने बताया कि ऑर्गेनाइज्ड क्राईम पर लगाम लगाने और जनता के जान माल की सुरक्षा के लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया है। जिसके तहत 105 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कहा कि पुलिस ने साइबर अपराध को रोकने के लिए भी अभियान छेड़ा है। इसके तहत बीते छह महीने में 30 से अधिक साइबर अपराधियों को 22 सिम कार्ड और 90 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि विगत दो महीने में अपहरण की 4 घटनाओं का 12 से 24 घंटे के अंदर उद्भेदन कर संलिप्त म्बदमाशों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। इसके अलावा दो बड़ी डकैती और बाइक चोरी की घटना, अवैध शराब के विरुद्ध भी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। छिनताईबाजों को लेकर एसएसपी ने बताया कि गिरोह को चिन्हित कर लिया गया है। अगल-बगल के जिलों से भी चेन छिनताईबाज गिरोह की सूची मंगी गयी है। शीघ्र ही यह गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा। एसएसपी ने लोगों से अपील की कि असामाजिक तत्वों की सूचना मिलते ही 112 नंबर पर खबर दे। चेन छिनताईबाजों से बचने के लिए महिलाओं को घर से बाहर निकलते समय सावधान रहने की भी अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त किसी भी बदमाश को पुलिस छोड़ेगी नहीं। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय 2 संदीप कुमार गुप्ता और डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती भी मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/03/RE/2024-25( 2nd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के मरकच्चो प्रखण्ड अन्तर्गत मरकच्चो मध्य पंचायत में ग्राम पाण्डेडीह से ग्राम नावाडीह के बीच में पंचखेरों नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 36579600.00 | 731600.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –08.08.2024.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2024.से दिनांक 17.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.08.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नं0 – 7903003903 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 331850 (Rural Work Department)24-25*D

# बीजेपी सांसदों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



ओड़िशा के बीजेपी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ओड़िशा के सभी सांसदों ने संसद भवन के सम्मेलन कक्ष में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। ओड़िशा के सभी 20 लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने शिकायत कक्ष में लोगों की शिकायतें सुनी







मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा और राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य भुवनेश्वर ने राज्य शिकायत कक्ष में लोगों की शिकायतें सुनी।

## चुनाव में अनियमितता के मामले में 3 विधायकों को हाइकोर्ट का नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** हाईकोर्ट ने झारसुगुड़ा विधायक टंकधर त्रिपाठी को नोटिस जारी किया है। उन्हें 23 सितंबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। चुनाव से पहले हलफनामों में आपराधिक मामलों को छिपाने के आरोप थे। यह शिकायत बीजद विधायक उम्मीदवार दीपाली दास ने दर्ज करायी थी। चुनाव हारने के बाद दीपाली ने शिकायत दर्ज करायी थी। टंकधर ने दीपाली से मामूली अंतर से जीतने के बाद दीपाली ने ईवीएम से छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज करायी और चुनाव आयोग से दोबारा वोटों की गिनती कराने की अपील की। बाद में दीपाली ने अदालत में जाकर आरोप लगाया कि टंकधर ने अपने हलफनामे में अपने अपराध रिकॉर्ड के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया है।

इसी तरह बीजद विधायक अश्विनी पात्र और ब्योमकेश रॉय के नाम पर भी चुनावी अनियमितता के आरोप लगे थे, इसी शिकायत के आधार पर हाई कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

## अगले 7 दिनों तक ओड़िशा में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान: मौसम विभाग

**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को ओडिशा के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार अगले सात दिनों तक बारिश होगी। बारिश की तीव्रता हल्की से मध्यम होगी। मौसम विभाग ने आगे बताया कि मानसून की एक रेखा बन गयी है, जिसके कारण राज्य में बारिश होगी। तटीय जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होगी। कटक, पुरी, खुर्दा, मयूरभंज, क्योंझर, देवगढ़ और झारसुगुड़ा में भारी बारिश हो सकती है। 6 अगस्त: ओडिशा के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 7 अगस्त: उत्तर तटीय ओडिशा, मयूरभंज, क्योंझर, अंगुल, ढेंकनाल जिलों में कई स्थानों पर तथा ओडिशा के शेष जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। सुंदरगढ़, क्योंझर, मयूरभंज, अंगुल, ढेंकनाल, बालासोर, भद्रक जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा (7 सेमी से 11 सेमी) होने की पीली चेतावनी। उत्तर ओडिशा के कुछ जिलों में एक या दो स्थानों पर पीली चेतावनी तथा भारी वर्षा (7 सेमी से 11 सेमी) होने की संभावना है।










# कुवेर जंत्री की बेहिसाब संपत्ति को देख कर विजिलेंस अधिकारियों के उड़े होश







आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक सर्कल ओबीसीसी के अतिरिक्त मुख्य निरीक्षक प्रदीप रथ सोमवार को विजिलेंस के जाल में फंस गये। विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में कई जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बरामद सोने के आभूषण और अमाप संपत्ति को देखकर विजिलेंस टीम के होश उड़ गये हैं। प्रदीप के पास 42 से अधिक प्लॉट, भुवनेश्वर में 2 महंगे फ्लैट, भद्रक और भुवनेश्वर में तीन मंजिला इमारतें, दवा की दुकान, ढेंकनाल में क्रॉसर यूनिट, 88 लाख जमा राशि, जेसीबी के साथ चार पहिया वाहन है। सोने के आभूषणों में हार, ब्रेसलेट, झुमके, चूड़ियां, चांदी की शिके आदि जब्त कर ली गयी हैं। कटक डिविजन एसपी ने भुवनेश्वर सत्यनगर स्थित घर पहुंच कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके अलावा उनके कटक बारबाटी स्टेडियम कार्यालय समेत 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी किया जा रहा है।

# श्रीजगन्नाथ का भूमि राजस्व संग्रह सख्त होगा

- श्रृंखलित दर्शन को महत्व दिया जायेगा- मुख्य प्रशासक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** श्रीमंदिर प्रबंधन समिति की अहम बैठक संपन्न हुआ। बैठक के बाद मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने प्रतिक्रिया दी है। मुख्य प्रशासक ने कहा कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में कुल 6 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बाहर और भीतर रत्न भंडार स्थानांतरण प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गयी है। इस बारे में राज्य सरकार को सूचित किया जायेगा। तकनीकी स्कैनिंग को राज्य सरकार के ध्यान में लाया जायेगा। इसी तरह श्रीमंदिर की जमीन को दलालों से मुक्त कराने की भी चर्चा की गयी है। श्रीमंदिर की भूमि पर यदि किसी भी भू-माफिया या खनन माफिया ने इसका दुरुपयोग किया है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा भूमि प्रबंधन अधिनियम पर भी चर्चा की गयी। सरकार की मंजूरी के बाद इसे लागू कर दिया जायेगा। अभडा योजना के तहत 35 एसी मिनी ई-बसें ओएसआरटीसी को सौंपी जाने की बैठक में चर्चा हुई है। इस संबंध में राज्य सरकार के साथ विचार-विमर्श करके निर्णय लिया जायेगा। बैठक में चर्चा की गयी कि अर्पण चावल पर संबंधित नियोग के साथ चर्चा की जायेगी और इस संबंध में सरकार को उचित प्रस्ताव दिये जायेंगे।

## भुवनेश्वर के एक स्कूल में बिजली गिरने से 10 से अधिक छात्र घायल


आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के एक स्कूल में आज दोपहर कक्षा लेते समय बिजली गिरने से 10 से अधिक छात्र घायल हो गये। जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय केंद्र ने भविष्यवाणी की थी, आज दोपहर राज्य की राजधानी के विभिन्न हिस्सों में तेज बिजली के साथ भारी बारिश हुई। हालांकि, बताया जा रहा है कि भुवनेश्वर के बारामुंडा रेंटल हाई स्कूल में बिजली गिरी, जिसके बाद दस से ज्यादा छात्र घायल हो गये। इसमें से एक छात्र बेहोश हो गया, जबकि एक अन्य छात्र के हाथ में सुन्नपन महसूस हुआ। स्कूल प्रशासन ने सभी छात्रों को इलाज के लिए तुरंत कैपिटल अस्पताल पहुंचाया। बाद में उनके माता-पिता भी सरकारी अस्पताल पहुंचे।

कलिंगा टीवी से बात करते हुए घायल छात्रों में से एक ने कहा, हमारे शिक्षक दोपहर में कक्षा ले रहे थे, तभी इलाके में बारिश हो रही थी। अचानक, बिजली हमारे स्कूल की इमारत पर गिर गयी, जिसके कारण हममें से कुछ लोग घायल हो गये। जल्द ही, शिक्षक ने कक्षायें स्थगित कर दीं और अन्य शिक्षकों की मदद से हमें इलाज के लिए अस्पताल ले गये।

## ओड़िशा में आलू की कीमत फिर से छूने लगी आसमान, उपभोक्ता परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में आलू की कीमत कुछ दिनों तक 35 रुपये प्रति किलो तक गिरने के बाद अब 45 से 50 रुपये प्रति किलो पर अटकी हुई है। यह उपभोक्ताओं की जेब पर भारी पड़ रहा है, क्योंकि यह सब्जी ज्यादातर रसोई में अहम स्थान रखती है। गौरतलब है कि, कीमतों पर बातचीत का कोई असर नहीं दिख रहा है। कटक के मुख्य सब्जी बाजार और गोदाम छत्रबाजार में तीन किलो आलू की कीमत 150 रुपये तक पहुंच गयी है, जो बहुत अधिक है। खुदरा बाजार में आलू 45 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। अगर यही स्थिति रही तो संकट और कीमत और बढ़ेगी।

आलू के लिए आमतौर पर सभी राज्य पश्चिम बंगाल पर निर्भर रहते हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में कोल्ड स्टोरेज मालिकों की हड़ताल की वजह से अब ओडिशा में आलू का संकट पैदा हो गया है। इसकी वजह से अचानक इस सब्जी की एक बोरी की कीमत 300 रुपये प्रति बोरी से बढ़कर 500 रुपये हो गयी है।

ओडिशा पश्चिम बंगाल से आलू आयात करना बंद कर देगा, राज्य के खाद्य आपूर्तिकर्ता और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने 1 अगस्त को यह जानकारी दी। आज सचिवालय में व्यापारियों के संघ के साथ बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने धीरे-धीरे पश्चिम बंगाल से आलू आयात करना बंद करने का फैसला किया है। मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल से आलू आयात बंद करने का फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि ओडिशा में लंबे समय से आलू की कमी बनी हुई है और पड़ोसी राज्य ने आलू भेजना बंद कर दिया है।

# ट्रांसफार्मर का लक्ष्मण सिंह ने किया लोकार्पण



- श्री सिंह ने कहा : कोई भी समस्या हो तो मुझे बेझिझक फोन करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार गिरिडीह।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भलुवाई गांव पूर्व विधायक स्वर्गीय हरिहर नारायण प्रभाकर के घर के पास 100 केवीए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। इसके बाद गांव में घूम कर लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। बता दें कि यहां पिछले कई सप्ताह पूर्व लगा हुआ ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे यहां के लोग अंधेरे में जीने को विवश थे। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने लक्ष्मण सिंह को दी। इस पर उन्होंने बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात कर वहां जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलने का आग्रह किया। इसके बाद रविवार को ही वहां नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। मौके पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर अक्सर लोग उनसे संपर्क करते हैं और वे तत्काल पहल करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर उनकी समस्या का समाधान भी करवाते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता मेरे परिवार जैसी है। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या हो, तो मुझे बेझिझक फोन कर सकता है। मौके पर अशोक प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, अरविंद सिंह, प्रमोद सिंह, फितल प्रसाद सिंह, राकेश सिंह, राजू दास और अजीत वर्मा आदि उपस्थित थे।

## ओडिया कार्टूनिस्ट ज्ञान रथ का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध ओडिया कार्टूनिस्ट ज्ञान रथ का सोमवार को निधन हो गया। सोमवार को रिपोर्ट के अनुसार, उनका इलाज एससीबी कटक में चल रहा था। वह 62 वर्ष के थे। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक ओडिया कार्टूनिस्ट की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी और उसका कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इलाज चल रहा था। कार्टूनिस्ट कई प्रमुख ओडिया समाचार पत्रों में कार्यरत था। ओडिशा के प्रमुख कार्टूनिस्ट ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के दानपुर पंचायत के केसरपुर गांव के मूल निवासी थे। उनके निधन पर मीडिया जगत ने शोक व्यक्त किया है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**